नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 225 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 24 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर ...



देव किरारी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया,पाठ्यपुस्तक का वितरण .. पेज -8 पर

## एक नजर

### गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने की समीक्षा



**रायपुर।** नवंबर 2021 को नई दिल्ली में आयोजित गवर्नर्स कांफ्रेंस में दिए निर्देशानुसार कार्यों की प्रगति की गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की। राजभवन रायपुर से राजभवन सचिवालय के उपसचिव श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने बैठक में शामिल होकर एक्शन टेकन रिपोर्ट की बिन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने राजभवन में सोलर सिस्टम से विद्युत आपूर्ति, प्रदेश में उच्च शिक्षा से जुड़े विषय तथा राज्यपाल के निर्देशन में रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा के माध्यम से किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

साथ ही कांफ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुरूप, राजभवन में संचालित अन्य गतिविधियों और राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में एवं विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के उत्थान लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बताया। इस दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग में विभिन्न राज्यों के राजभवन सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति चुनाव में अमित जोगी ने पत्ता खोला, बसपा को सुप्रीमो के निर्देश का इंतजार

रायपुर। राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की खेमेबंदी की शुरुआत छत्तीसगढ़ में भी हो गई है। इसमें भाजपा की ओर से द्रोपदी मुर्मू और विपक्ष की ओर से यशवंत सिन्हा मुख्य उम्मीदवार हैं।

राष्टपति चुनाव में छत्तीसगढ़ के राजनीतिक दलों के बीच भी पाले खिंच गए हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ खुलकर भाजपा की ओर से घोषित उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में खड़ा हो गया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को अपनी सुप्रीमो मायावती के आदेश का इंतजार है।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने राष्टपति चुनाव में आदिवासी नेता द्रोपदी मुर्मू के उम्मीदवारी का स्वागत किया है। जोगी ने कहा, पार्षद से लेकर राज्यपाल तक जनसेवक के रूप में उनके समाजसेवा का लंबा सफर प्रेरणा से भरा है। देश के सर्वोच्च पद पर पहली बार एक आदिवासी के आसीन होने से देश और आदिवासी समाज का गौरव बढ़ेगा। अमित जोगी ने कहा उनके दिवंगत पिता अजीत जोगी जी द्रोपदी मुर्मू का बेहद सम्मान करते थे। अमित जोगी ने प्रदेश के सभी विधायकों से भी आदिवासी सम्मान के नाम पर मुर्मू को वोट देने का आग्रह किया है। इधर दैनिक भास्कर से बातचीत में बसपा विधायक दल के नेता केशव प्रसाद चंद्रा ने कहा, अभी उनकी पार्टी का रुख क्लियर नहीं है। पार्टी नेतृत्व जैसा निर्देश जारी करेगा, उसी के मुताबिक मतदान किया जाएगा।



जेसीसीजे द्रोपदी मुर्मू के साथ

### छत्तीसगढ़ में क्या है वोटों का गणित

छत्तीसगढ़ विधानसभा के 90 विधायक और संसद के 16 सदस्य इस राष्ट्रपति चुनाव में मतदाता हैं। विधानसभा में कांग्रेस का बहुमत है और उसके 71 सदस्य हैं। संसद में भाजपा के 10 सांसद हैं। वहीं कांग्रेस के पास लोकसभा के दो और राज्यसभा के चार मिलाकर 6 वोट हैं। विधानसभा में भाजपा के पास 14, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के पास 3 और बहुजन समाज पार्टी के पास 2 विधायकों का वोट है।

बिलासपुर में 123 दिन बाद कोरोना से मौत

# दो दिन में मिले 16 नए मरीज, 63 पहुंचा एक्टिव केस

बिलासपुर। बिलासपुर में कोरोना संक्रमण का खतरा फिर से बढ़ गया है। गुरुवार को यहां निजी अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध महिला मरीज की मौत हो गई। बीते 123 दिन बाद कोरोना संक्रमित मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है।



हालांकि, बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल और CIMS में कोरोना वार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। बीते दो दिन में जिले में 16 मरीज मिले हैं। वहीं एक्टिव केस की संख्या 63 हो गया है। जिले में बढ़ते कोरोना मरीजों की संख्या से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। जून माह से मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यही वजह है कि स्वास्थ्य संचालक ने शासकीय व निजी अस्पतालों में फिर से कोविड वार्ड बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य संचालक के निर्देश के बाद CMHO डॉ. प्रमोद महाजन ने जिला अस्पताल और CIMS के साथ ही निजी अस्पतालों में कोरोना उपचार की व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही जिला अस्पताल और CIMS में कोविड वार्ड बनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

कोविड से एक 72 वर्षीय महिला की मौत

ग्राम धुमा निवासी 72 वर्षीय सोनबाई यादव की तबीयत बिगड़ने लगी थी और उनमें कोरोना का लक्षण था। जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि की गई। इसके बाद उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया था। लेकिन तबीयत में सुधार नहीं होने पर उन्हें 20 जून को उसे आरबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं गुरुवार को उनकी मौत हो गई।

### इससे पहले 16 फरवरी को हुई थी मौत

करीब चार महीने से कोरोना से मौत का सिलसिला थम गया था। इसके पहले बीते 16 फरवरी को एक 18 वर्षीय युवती की मौत हुई थी। 123 दिन बाद फिर कोरोना से एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। वहीं अब धीरे-धीरे कोरोना संक्रमण बढ़ने लगा है।

### दूसरे राज्यों से आ रहा संक्रमण, कांन्टेक्ट ट्रेसिंग पर ध्यान नहीं

*बताया जा रहा है कि ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान शहर व जिले के लोग दूसरे प्रदेश टूर पर गए थे। माना जा रहा है कि दूसरे जगहों से आने वाले लोग ही संक्रमण लेकर आ रहे हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में जैसे महानगर कोरोना के हॉट स्पॉट हैं। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग का अमला न तो एयरपोर्ट और न ही रेलवे स्टेशन में जांच कर रही है।*



# टक्कर से बाइक में आग, 2 दोस्त जिंदा जले

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में दो दोस्तों की जिंदा जलने से मौत हो गई। बाइक पर इन दोनों युवकों के साथ एक युवती भी थी जो गंभीर रूप से घायल है। तीनों एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। रॉन्ग साइड से बाइक मोड़ने के दौरान सामने से आई तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन दोनों की मौत हो गई। हादसा पांडुका थाने के पास ही हुआ है। इसमें पिकअप का ड्राइवर भी घायल हो गया।

**गरियाबंद में पिकअप से टकराने के बाद हुआ हादसा, युवकों के साथ बैठी युवती गंभीर**

जानकारी के मुताबिक, पीपरछेड़ी के मदनपुर निवासी करन ध्रुव (22) अपनी दोस्त रामपुर निवासी सोहद्रा ठाकुर (19) के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पांडुका गए थे। दोनों रात को वहीं रुक गए।

# 3 जनपद सदस्य, 62 सरपंच के लिए 28 जून को मतदान

255 केंद्रों में डाले जाएंगे वोट, 3 दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

रायपुर। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव-2022 के तहत प्रदेश के 21 जिलों में जनपद पंचायत सदस्य के 3, सरपंच के 62 और पंच के 52 पदों के लिए 28 जून को वोट डाले जाएंगे।

मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में 255 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मतदाता वोट डाल पाएंगे। निर्वाचन आयोग ने चुनाव की पूरी तैयारियां कर ली है। चुनाव वाले क्षेत्रों में 26 से 28 जून यानी 3 दिनों तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इसके साथ किसी





होटल, क्लब, रेस्टारेंट, भोजनालय आदि में मदिरा बेचने और परोसने की अनुमति नहीं दी गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के 6 जनपद पंचायत सदस्य के खाली पदों में से 3 पद जिसमें बिलासपुर जिले के जनपद पंचायत तखतपुर, गरियाबंद जिले के छुरा और बीजापुर जिले के भैरमगढ़ जनपद पंचायत में निर्विरोध की स्थिति है। वहीं मुंगेली जिले के जनपद पंचायत मुंगेली, बस्तर जिले के जनपद पंचायत तोकापाल और कोंडागांव जिले के जनपद पंचायत फरसगांव में 1-1 सदस्य के लिए चुनाव हो रहे हैं। निष्पक्ष मतदान के लिए संबंधित जिले के कलेक्टरों को निर्देश जारी किया गया है। 26 जून को मतदान दलों को रवाना किया जाएगा।

### जनपद के लिए 9 व सरपंच के 206 प्रत्याशी मैदान में

*राज्य के 21 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव हो रहे हैं। जनपद सदस्य के 6, सरपंच के 108 और पंच के 631 खाली पदों पर उप चुनाव कराए जा रहे हैं। 3 जनपद सदस्य के लिए 9, 62 सरपंच पद के लिए 206 तथा 52 पंच पदों के लिए 114 उम्मीदवार मैदान में हैं।*

# बकरा-भात खाकर युवक की मौत

## 30 से ज्यादा बीमार:4 साल के बच्चे की हालत गंभीर

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में बकरा-भात की दावत खाकर एक युवक की मौत हो गई। जबकि 30 से ज्यादा लोग बीमार हैं। 4 साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है। इनमें से 22 लोगों को तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है।



**कोरबा में महुआ तिहार कार्यक्रम के दौरान हुई दावत**

दावत में करीब आधा दर्जन गांव के लोग शामिल हुए थे। ऐसे में बीमार लोगों का आंकड़ा बढ़ सकता है। बताया जा रहा है कि कई लोग घरों में ही उपचार करा रहे हैं। फूड प्वाइजनिंग का शिकार इन लोगों में महिलाएं, पुरूष और बच्चे भी शामिल हैं। मामला पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमाटिकरा निवासी गुलाब मरकाम के घर बुधवार को महुआ तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें आसपास के करीब आधा दर्जन गांव के लोग आमंत्रित थे। इसके अलावा कोरिया जिले से भी रिश्तेदार पहुंचे थे। इस दौरान बकरा-भात की पार्टी का भी आयोजन किया गया था। खाना खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। कई लोगों को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। इस दौरान आनन-फानन में कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पोड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र, जटगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कटघोरा उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान कोरबा के ही बेतलो गांव के 22 साल के एक युवक की मौत हो गई। अभी तक युवक के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं कटघोरा उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती 4 साल के बच्चे मिथलेश की हालत गंभीर बनी हुई है। मिथलेश के पिता ने बताया कि करीब 100 लोग दावत में शामिल हुए थे। इनमें से 80 फीसदी बीमार हैं। हालांकि इतने लोगों के एक साथ बीमार होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# डूबने से दो और करंट से दो की मौत

**महासमुंद ।** डूबने से दो और करंट से दो इस तरह कुल चार लोगों की मौत हो गई। घटना महासमुंद, पिथौरा, बागबाहरा और पिथौरा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र बेमचा निवासी पदुम साहू (70) रविवार को पिंटू चंद्राकर के खेत में पानी पला रहा था जो करंट की चपेट में आ गया जिससे उनकी मौत हो गई। इधर, नवागांव वार्ड 10 निवासी नारायण बघेल (55) सोमवार 21 जून को करंट से घायल हो गया उन्हें उपचार के लिए बागबाहरा सीएचसी लाया गया जहां उनकी मौत हो गई। इसी तरह सरायपाली निवासी आशुतोष पटेल (16) नहाते समय में पानी में डूब गया जिससे उनकी मौत हो गई।

तेंदूपत्ता.. वनमंत्री अकबर के मार्गदर्शन में संग्राहकों को सतत् भुगतान

# तेन्दूपत्ता संग्रहण में वृद्धि वनवासियों में लेकर आयी समृद्धि

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2022 के दौरान 15 लाख 78 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है, जो लक्ष्य का 94 प्रतिशत से अधिक है। यह संग्रहण गत वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। इनमें 12 लाख से अधिक तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कुल 630 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान होना है।



छत्तीसगढ़ में 12 लाख संग्राहकों द्वारा 630 करोड़ रूपए का तेन्दूपत्ता संग्रहित

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहाकों को उनके भुगतान योग्य राशि का भुगतान तेजी से जारी है। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण से आदिवासी-वनवासी संग्राहकों को रोजगार के साथ-साथ आय का भरपूर लाभ मिलने लगा है। गौरतलब है कि राज्य में वर्ष 2020 में 9 लाख 73 हजार मानक बोरा और वर्ष 2021 में 13 लाख 6 हजार मानक तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ था, जो गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2022 के दौरान तेन्दूपत्ता संग्रहण में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जगदलपुर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल बीजापुर में 52 हजार संग्राहकों द्वारा 32 करोड़ रूपए के 80 हजार 324 मानक बोरा, सुकमा में 44 हजार संग्राहकों द्वारा 40 करोड़ रूपए के एक लाख मानक बोरा, दंतेवाड़ा में 20 हजार 323 संग्राहकों द्वारा 8 करोड़ रूपए के 19 हजार 408 मानक बोरा तथा जगदलपुर में 43 हजार 178 संग्राहकों द्वारा 6.56 करोड़ रूपए के 16 हजार 396 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। इसी तरह कांकेर वनवृत्त

**गत वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत से अधिक का तेन्दूपत्ता संग्रहण**

के अंतर्गत वनमंडल दक्षिण कोण्डागांव में 33 हजार 843 संग्राहकों द्वारा 6.93 करोड़ रूपए के 17 हजार 332 मानक बोरा, पूर्व भानुप्रतापपुर में 32 हजार संग्राहकों द्वारा 38.48 करोड़ रूपए के 96 हजार 195 मानक बोरा, पश्चिम भानुप्रतापपुर में 33 हजार संग्राहकों द्वारा 31.62 करोड़ रूपए के 79 हजार 058 मानक बोरा तथा कांकेर में 33 हजार 928 संग्राहकों द्वारा 14.82 करोड़ रूपए के 37 हजार 047 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। विधानसभा सचिवालय ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। यह सत्र 27 जुलाई तक चलना है, जिसमें 6 बैठकें प्रस्तावित हैं। 2021 में मानसून सत्र 26 से 30 जुलाई तक आयोजित किया गया था। इसमें पांच दिन काम हुआ था।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी हुई। इस सत्र में शासकीय कार्य संपादित किए जाने हैं। विधानसभा की दिनदर्शिका के मुताबिक विधानसभा की बैठकें 20, 21 और 22 जुलाई को होंगी। 23 और 24 जुलाई को शनिवार-रविवार की वजह से अवकाश रहेगा। उसके बाद 25,26 और 27 जुलाई को शेष तीन बैठकें होनी हैं।

### 18 जुलाई को होना है राष्ट्रपति चुनाव

देश का नया राष्ट्रपति चुनने के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। 29 जून तक नामांकन होना है। 18 जुलाई को राज्य विधानसभा परिसर में भी इसके लिए मतदान होगा। 21 जुलाई को वोटों की गिनती होगी।

# क्या ठाकरे परिवार की छाया से मुक्त होगी शिवसेना?

इन दिनों महाराष्ट्र के सबसे बड़े राजनीतिक चेहरे शिवसेना के अध्यक्ष, राज्य के सीएम उद्धव ठाकरे की नियति कुछ ऐसी ही बन गई है। सियासी दुविधा में ना उन्हें माया मिल पाई है ना राम। ना हिंदुत्व साथ रहा ना धर्मनिरपेक्षता। हालात यह हैं कि कभी भारतीय जनता पार्टी को नीचा दिखाने के लिए शिवसेना का सेक्युलर शिवसेना बनाने की उनकी रणनीति का घातक परिणाम दिख रहा है।

उनकी सरकार तो खतरे में है ही, अपने पिता हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की विरासत को भी वह बचा पाएंगे इसमें भारी संदेह है। उन्होंने अपने विधायक तो गंवाए ही हैं, अपने समर्पित कार्यकर्ता भी गंवा रहे हैं। राजनीतिक टीकाकार इस बात पर हैरान हैं कि शिवसेना में अब तक की सबसे बड़ी बगावत हुई है लेकिन शिवसेना कार्यकर्ता खामोश हैं। शिवसैनिकों का ऐसा स्वभाव कभी नहीं देखा गया, जैसा इस बार दो दिन से देखा जा रहा है। आम शिवसैनिक सड़क पर आकर एकनाथ शिंदे का विरोध करने की बजाए टीवी पर राजनीतिक घटनाक्रम देख रहे हैं। शिवसैनिकों का यह रवैया लोगों की समझ से परे है।

याद करिए, वर्ष 1991 में जब छगन भुजबल ने बाल ठाकरे के खिलाफ विरोध का बिगुल बजाया था और कांग्रेस में जाने का फैसला लिया था, तब शिवसैनिकों ने उनके आवास पर हमला बोल दिया था। भुजबल के घर को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया था और उन पर हमला भी कर दिया था। इसी तरह 2005 में जब नारायण राणे ने बग़ावत की तो शिवसेना कार्यकर्ता उनके खिलाफ भी सड़क पर आ गए थे।

यहां तक कि शक्तिशाली नेता कहे जाने वाले राज ठाकरे के जब बाल ठाकरे से नाराज होकर पार्टी छोड़ने की ख़बर आई तो शिवसैनिकों ने उनके खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया था। लिहाजा, राज को भूमिगत होने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन एकनाथ शिंदे के खिलाफ शिवसेना नेता तो दूर आम शिवसेना कार्यकर्ता भी कोई बयान नहीं दे रहा है और न कोई आंदोलन हो रहा है।

दरअसल, कहा जा रहा है कि उद्धव के मुख्यमंत्री बनने के बाद शिवसेना की कोंकण लॉबी ने



**राजनीतिक टीकाकार इस बात पर हैरान हैं कि शिवसेना में अब तक की सबसे बड़ी बगावत हुई है लेकिन शिवसेना कार्यकर्ता खामोश हैं। शिवसैनिकों का ऐसा स्वभाव कभी नहीं देखा गया, जैसा इस बार दो दिन से देखा जा रहा है। आम शिवसैनिक सड़क पर आकर एकनाथ शिंदे का विरोध करने की बजाए टीवी पर राजनीतिक घटनाक्रम देख रहे हैं। शिवसैनिकों का यह रवैया लोगों की समझ से परे है।**

ठाकरे परिवार के चारों ओर घेरा बना दिया। शिवसेना का कोई नेता उनसे मिल ही नहीं पाता था। यहां तक कि एकनाथ शिंदे भी दरकिनार कर दिए गए थे।

बहरहाल, कार्यकर्ताओं का सड़क पर न उतरना एक अगर संकेत की ओर इशारा कर रहा है कि उद्धव ठाकरे का 2019 विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद तीन दशक की सहयोगी भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़कर शरद पवार और कांग्रेस के साथ जाना शिवसैनिकों को रास नहीं आया। उससे भी बड़ी बात बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल के कार्यकाल में उद्धव ने जो कुछ किया उससे शिवसेना के कार्यकर्ता खुश नहीं थे।

कहा जाता है कि उद्धव ठाकरे मंत्रालय जाते ही नहीं थे और सत्ता का केंद्र रहने वाला वर्षा बंगला उनके कार्यकाल में सूना रहता था। कुल मिलाकर उद्धव ठाकरे की उदासीनता से शिवसेना कार्यकर्ताओं भी उदासीन हो गए। उन्हें लगने लगा था कि बालासाहेब ने जिस पौधे को सींच कर वट वृक्ष बनाया था, उद्ध ठाकरे उसे खौलता पानी दे रहे हैं। इसके बाद नेताओं-कार्यकर्ताओं का उद्धव-आदित्य से मोहभंग होने लगा। शिवसेना में बगावत के स्वर उभरते रहे और उद्धव को भनक तक नहीं लगी।

उद्धव ठाकरे॰ राग सेक्युलर आलापना उद्धव को इतना महंगा पड़ा कि उनकी शिवसेना ही उनके यानी ठाकरे परिवार के चंगुल से मुक्त होने की राह पर है। उद्धव ठाकरे॰ राग सेक्युलर आलापना उद्धव को इतना महंगा पड़ा कि उनकी शिवसेना ही उनके यानी ठाकरे परिवार के चंगुल से मुक्त होने की राह पर है।

### महाराष्ट्र की सियासत में अब तक शिवसेना

वस्तुतः महाराष्ट्र में 1987 में शिवसेना-भाजपा भगवा गठबंधन में शिवसेना हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रही, लेकिन 2014 में भाजपा से चुनावी तालमेल न होने से उसके विधायकों की संख्या कम हो गई। भाजपा का छोटा भाई बनना उद्धव को मंजूर नहीं हुआ। फिर भी चुनाव के बाद बने भगवा गठबंधन में विधायकों की संभावित बगावत को रोकने के लिए उन्हें न चाहते हुए भी छोटे भाई की भूमिका में आना पड़ा। इससे उद्धव के अहं को जबरदस्त चोट लगी थी।

इसे वह भूल ही नहीं सके। 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजे में जब भाजपा की सीट 122 से घटकर 106 होने के बाद उन्हें अपमान का बदला लेने का मौका मिल गया। भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था, इसके बावजूद उन्होंने भाजपा के सामने ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री के कार्यकाल की शर्त रख दी। देवेंद्र फडणवीस को दोबारा पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर चुकी भाजपा ने उनकी नामंजूर कर दी और गठबंधन टूट गया।

हरगोविंद विश्वकर्मा

## संपादकीय

### कांग्रेस पार्टी की चिंताएं

कांग्रेस के लिए आत्म-निरीक्षण का विषय है कि कानून का राज ध्वस्त करने बड़ी परिघटना के खिलाफ वह सड़क पर उतरती, तब लोग उससे ज्यादा जुड़ाव महसूस करते या अब करेंगे, जब उसने अपने नेता के लिए दम दिखाने का फैसला किया है? कांग्रेस ने बेशक दम दिखाया। पार्टी नेताओं/ कार्यकर्ताओं ने देश को बताने की कोशिश की कि अगर उनके नेता को सरकार को सरकार परेशान करेगी, तो वे चुप नहीं रहेंगे। इसलिए जब राहुल गांधी प्रवर्तन निदेशालय में पेशी के लिए निकले, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर आंदोलन का नजारा पेश किया। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने यह कहने के लिए अपने नेताओं की एक पूरी फौज लगा दी कि कांग्रेस पार्टी 'भ्रष्टाचार' और गांधी परिवार के 'विशेषाधिकारों' की रक्षा के लिए सड़क पर आकर अशांति फैला रही है। जाहिर है, जो आरएसएस/ भाजपा के समर्थक नेटवर्क में यही कहानी प्रचलित होगी। लेकिन इस बात में कोई अचरज नहीं होगा कि जो लोग इस नेटवर्क का हिस्सा नहीं हैं, उनके मन में भी कांग्रेस की प्राथमिकताओँ और चिंताओं को लेकर कुछ सवाल उठेंगे। इसलिए कि जिस रोज राहुल गांधी की पहली पेशी हुई, उस रोज भाजपा से असहमत तबकों में इलाहाबाद में जो हुआ, तो उसको लेकर व्यग्रता थी। जिस तरह देश में कानून के राज की अवहेलहना कर एकतरफा इंसाफ लागू करने का सिलसिला फैलता जा रहा है, यह बात उन्हें व्यथित कर रही है। ऐसे मौके पर यह सवाल उठना जायज है कि कांग्रेस देश के लिए एक बड़े जनमत की चिंताएं प्राथमिकता हैं, या अपने नेता से जुड़े मुद्दे? आखिर यह पहला मौका नहीं है, जब किसी विपक्षी नेता को ईडी ने बुलाया है।

# मुर्मू की उम्मीदवारी पर मोहर के मायने

अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए ने द्रौपदी मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि पहले से ही कहा जा रहा था कि इस बार किसी महिला को उम्मीदवार बनाया जाएगा और हो सकता है कि वह अनुसूचित जनजाति की महिला हों। चूंकि नरेंद्र मोदी हमेशा आखिरी क्षणों में लोगों को आश्चर्यचकित करते रहे हैं, इसलिए लोगों को लग रहा था कि इस बार भी वह कोई चौंकाने वाला फैसला कर सकते हैं।

हालांकि निर्वाचक मंडल में एनडीए के पास 49 प्रतिशत वोट थे, और किसी उम्मीदवार को जिताने के लिए 50 प्रतिशत वोट चाहिए होते हैं। चूंकि नवीन पटनायक और जगन मोहन रेड्डी भी प्रधानमंत्री से मिल चुके थे और कहा गया था कि उन्होंने समर्थन का वादा किया था, हालांकि उन्होंने खुलकर कुछ नहीं कहा था। फिर भी यह लगभग तय था कि अगर ये पार्टियां समर्थन नहीं भी करेंगी, तो भी छोटी पार्टियों और निर्दलियों के समर्थन से एनडीए का उम्मीदवार जीत जाएगा, जैसा कि हमने राज्यसभा चुनाव और महाराष्ट्र के विधान परिषद के चुनाव में देखा। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री ने राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अन्य दलों से सर्वानुमति बनाने के काम पर लगा दिया था।

ऐसा लगता था कि वह यह संदेश देना चाहते थे कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं,



अगले राष्ट्रपति का चेहरा

**सवाल यह उठता है कि विपक्ष सभी पार्टियों को एकजुट करने के लिए किसे अपना वार्ताकार बनाता है, जो सभी पार्टियों के नेताओं से बात करे। यशवंत सिन्हा और कपिल सिब्बल ने कहा है कि वे विपक्ष को एकजुट करने की पहल करेंगे। अगर विपक्ष इसे अवसर मानकर एकजुट होने की कोशिश करे, तभी कुछ हो सकता है, अन्यथा विपक्ष की स्थिति कोई अच्छी नहीं है।**

क्योंकि हाल के दिनों में उन्हें कई झटके झेलने पड़े थे। जैसे पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक बयान और अग्निपथ योजना को लेकर भाजपा बैकफुट पर थी। इसके बावजूद उम्मीदवार चयन को लेकर सर्वानुमति बनाने की कोई ठोस पहल नहीं की गई थी। जब द्रौपदी मुर्मू का नाम सामने आया, तो स्पष्ट हो गया कि काफी सोच-विचार कर उनके नाम पर फैसला हुआ है, क्योंकि इसका एक बड़ा महत्व है। एक अनुसूचित जनजाति की महिला को देश के शीर्ष पद का उम्मीदवार बनाने का मतलब यह कि देश के लोकतंत्र में उपेक्षित और वंचित तबकों को ऊपर उठने का मौका मिल रहा है। हमारे देश में एक बड़ा हिस्सा पिछड़ा रहा है, ऐसे में एक आदिवासी महिला का राष्ट्रपति बनना महत्व रखता है, चाहे वह प्रतीकात्मक ही क्यों न हो। बेशक यह सवाल अपनी जगह है कि रामनाथ कोविंद के राष्ट्रपति बनने से दलितों के जीवन पर कितना फर्क पड़ा या उन्होंने दलितों के लिए क्या किया, लेकिन इसके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश में सात-आठ राज्य ऐसे हैं, जहां अनुसूचित जनजाति के लोग बड़ी संख्या में हैं। देश में आदिवासियों की आबादी 8.6 फीसदी है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाए जाने से उनके बीच क्या संदेश जाएगा, यह आगामी चुनावी राजनीति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। पश्चिमी भारत और हिंदी पट्टी क्षेत्रों में, जहां भाजपा का बहुत बड़ा दांव है, एनडीए के इस फैसले का असर हो सकता है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि मुर्मू कैसे पेश आती हैं और भाजपा इसका किस तरह फायदा उठाती है। फिलहाल एनडीए ने अपने उम्मीदवार की जीत और भी सुनिश्चित कर ली है, क्योंकि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि द्रौपदी मुर्मू ओडिशा से ही ताल्लुक रखती हैं। चूंकि द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रही हैं।

नीरजा चौधरी

## मिला जुला

# जल शक्ति अभियान के तहत केंद्र से जिले के प्रवास में आए टीम से कलेक्टर ने की मुलाकात

### जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यो के बारे में विस्तार से की चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जल शक्ति अभियान के तहत् केंद्र से जिले के प्रवास में आए निदेशक जेम क्रेता प्रबंधन गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस आशीष कुमार सक्सेना एवं केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के वैज्ञानिक उद्देश्य कुमार से विगत दिवस कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने अपने कार्यालय में मुलाकात की। कलेक्टर ने सदस्यों से जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए रैन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विजय जामनिक, समाजसेवी समर्थ जैन एवं आनंद गुप्ता उपस्थित थे। सदस्यों ने जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि जिले मे जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काफ ी कार्य हुए है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जिले के मनोरा, सोगड़ा, डूमरकोना, डूमरटोली सहित अनेक स्थानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वाटर लेवल में बढ़ोत्तरी करने के लिए बनाए गए एनिकेट, चेकडेम, गेबियन स्ट्रक्चर, ब्रशहुड, नहर, सहित अन्य संरचनाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही जल संचयन के लिए उनके द्वारा आवश्यक सुझाव भी अधिकारियों को दिए गए है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जल संचयन और संरक्षण से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि जल प्रबंधन के तरीकों और जल के दुरूपयोग को रोकने के सबंध में लोगों को जागरूक कर पेयजल, सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ा सकते हैं। उन्होंने नदीए नालों के पुनर्जीवन के लिए जिला प्रशासन एवं नगरवासियों के सहयोग से किए जा रहे बाकी नदी पुनरोद्धार कार्य की भी सराहना की।





इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में जल संचयन के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भविष्य में जल संकट से बचने के लिए हमें अभी से सचेत रहने की आवश्यकता है तथा इससे बचने के लिए पहले से तैयारी करने की जरूरत है। नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी बचाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जन जागरण अभियान चलाने का कार्य किया जा रहा है।

साथ ही जल शक्ति अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वन विभाग, जल संसाधन विभाग, वाटर शेड मैनेजमेंट को एकजुट होकर कार्य करने हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने ईई जल संसाधन को इस हेतु जिला स्तरीय कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि बोरवेल की खुदाई के साथ ही स्थल पर वाटर रिचार्ज प्वाइंट का भी निर्माण किया जाना आवश्यक है। साथ ही नदी नालों के वाटर रिचार्ज के लिए नदी किनारे पौधरोपण प्राथमिकता से किया जा रहा है।

# लघु वनोपज संघ चुनाव को लेकर राजभवन में दस्तक

### चुनावी अनियमितता के जांच कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

जिला वनोपज सहकारी संघ के चुनाव में हुई अनियमितता की जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा निर्वाचन समयाविधि में कृषि कार्य शुरू होने के पूर्व चुनाव कराने की मांग राज्यपाल से आवेदन देकर 41 समितियों के प्रमुखों ने की हैं।

उल्लेखनीय है कि 10 जून 2022 को नामांकन दाखिला शुरू होने के पूर्व ऐन वक्त पर रिटर्निंग अधिकारी डीडी जोगांश ने अचानक मेडिकल अवकाश ले लिया। जबकि नामांकन

**41 समितियों के प्रमुखों ने की महामहिम से मुलाकात**

दाखिले के लिए जिलेभर से सिमिति प्रमुख पहुंच चुके थे। वे दिनभर चुनाव कार्यालय में रहे। अंततः दोपहर 3 बजे तक चुनाव स्थगित करने की सूचना रायपुर से आई। चुनाव स्थगित किए जाने के 11 दिन बाद भी चुनाव कराने की फि र से घोषणा नहीं की गई। इससे नाराज 41 समितियों के प्रमुखों ने गत दिनों रायपुर जाकर राज्यपाल से भेंट की। और उन्हें आवेदन सौंपा। आवेदन में नामांकन के दिन अचानक चिकित्सा अवकाश लेकर जाने वाले चुनाव अधिकारी के व्यवहार की जांच भविष्य में निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ चुनाव कराने का निवेदन किया। विभिन्न संघो के प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग ने महासमुन्द बोर्ड के निर्वाचन हेतु शीघ्र प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने निर्वाचन आयोग जाकर सचिव से भी भेंट की। उन्हें भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने बताया कि आयोग ने कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकरी का नाम चुनाव कराने के लिए यथा शीघ्र प्रस्तावित करने कहा है।

# बढ़ रहे संक्रमण के केस, सतर्क रहने की है जरूरत-डॉ. मीरा बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

जिले में कोरोना की रफ्तार अब एक बार फिर बढ़ने लगी है 22 जून को प्रदेश में 131 नए मरीज मिले थे। जिसमें सबसे ज्यादा 29 मरीज रायपुर और 21 मरीज दुर्ग में मिले है । 22 जून तक प्रदेश में 585 एक्टिव मरीजों की संख्या हो गई है।

हालांकि इसमें राहत की बात यह है अभी संक्रमण के गंभीर मामले नहीं आ रहे हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1.39 है। कोरोना का फैलाव जिलों में बढ़ा है। बीते एक सप्ताह से जिले में कोविड-19 का संक्रमण बढ़ रहा है इसलिए बेफिक्र होने से बेहतर है समय रहते सतर्क हो जाएं। लापरवाही बरतना ठीक नहीं हैं, सतर्कता बरतते हुए कोरोना अनुरूप व्यवहारों का पालन करना बहुत जरूरी है। मास्क और सैनिटाइजर को दिनचर्या में शामिल करें। भीड़ भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें ऐसी जगहों पर मास्क अवश्य पहने। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल ने बताया बीते एक सप्ताह से जिले में 15 से अधिक संक्रमण के केस निकल रहे हैं। बीते बुधवार को रायपुर में सबसे अधिक 29 केस सामने आए हैं। जिले में 22 जून तक कोविड-19 के संक्रमण से ग्रसित लोगों की संख्या 152 हो गई है। प्राइमरी कॉन्टेक्ट में आए लोग तुरंत जांच करवाए और एतियात रखे। संक्रमण की रफ्तार रोकने और उसकी चेन तोड़ना बहुत जरूरी है। हम लापरवाही को छोड़े और नियमित रूप



**फिर से दिनचर्या में शामिल करे मास्क लगाना**

से जैसा हम पूर्व में शारीरिक दूरी, मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग कर रहे थे फि र से करें, क्योंकि कोविड-19 के संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। किसी भी स्थान को हाथ न लगाएं। लिफ्ट, एटीएम, जैसे सार्वजनिक चीजों का उपयोग करने के बाद हाथ को सैनिटाइज अवश्य करें। आगे उन्होनें कहा भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य कर्मी अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहियों का जिनके दूसरे डोज की अवधि 9 माह पूर्ण हो चुकी है। ऐसे समस्त हितग्राही अपना बूस्टर टीकाकरण का डोज अवश्य करवा लें। ताकि वह संक्रमण से प्रतिरक्षित हो सके। डॉ. बघेल ने समस्त निजी एवं शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों से अपील की है कि वह अपने संस्थान में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों का बूस्टर डोज अवश्य लगवा ले। जिन लोगों के दोनों टीके लग गए हैं वह लोग अपना समय पूर्ण होने पर बूस्टर डोज लगवाएं कोविड के संक्रमण से बचाव का एकमात्र उपाय समय पर टीकाकरण, शारीरिक दूरी, नियमित रूप से मास्क लगाना हाथों को सैनिटाइज करना साथ ही भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र से दूरी रखना। यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का पालन करना। कोविड-19 संक्रमण के क्षेत्र से वापस आने के बाद कपड़ों को सफाई से धोना और स्वयं सफाई नहाना साथ ही सोने से पहले गर्म पानी से गरगल करना। इम्यूनिटी सिस्टम को बूस्ट अप करने के लिए उचित खानपान करें बाहर खाने से परहेज करें। नियमित व्यायाम करना।

### इन बातों का रखें ध्यान

*सर्दी जुकाम होने पर चिकित्सक की सलाह ले घर से बाहर निकले तो हमेशा मास्क लगाकर निकले, घरों और अपने आसपास साफ़ सफ ाई का ख्याल जरूर रखे, फ्लू जैसे कोई भी लक्षण हो तो एहतियात बरते, सैनिटाइजर का प्रयोग करते रहें, संक्रमण के प्रभाव में आए व्यक्ति से मिले हों तो जल्द कोविड जांच करा ले।*

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




जिले में भ्रष्टाचार चरमो पर है। रोजगार गारंटी,व अन्य मदों के आवंटन के दुरूपयोग की शिकायत व जांच को लेकर सीपीआई का बसस्टैण्ड परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर कड़ा विरोध किया जिसमें आदिवासी बाहुल्य सुकमा जिला पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जिले के सर्वांगीण विकास के लिए करोड़ों रूपये का आबंटन मिलता है। जिला प्रशासन व सभी विभाग इस बजट को सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए खर्च कर रहे हैं। जिले को जो बजट प्राप्त होता है वह संपूर्ण जिले के लिए होता हैए किंतु जिला प्रशासन उपरोक्त बजट को सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए खर्च कर रहा है। हमारा निवेदन है कि प्रशासनिक अधिकारी नियमानुसार कार्य करें किसी राजनैतिक दल का एजेंट बनकर कार्य न करें। आम जनता के साथ एक समान व्यवहार करें। रोजगार गारंटी योजना डीएमएफ टी योजना केंपा फण्ड का उपयोग जनहित में कम एवं सत्ताधारी पार्टी के ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए अधिक किया जा रहा है। वर्तमान में उदाहरण के लिए 02 दिसंबर 2021 को सुकमा जिले की पोरदेम ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नागलगुड़ा में रोजगार गारंटी योजना में फर्जी प्राक्कलन के आधार पर रूपये 49.52 लाख रूपये से तालाब निर्माण कार्य 1.00 एकड़ भूमि पर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत जिला प्रशासन के समक्ष की गई है किंतु आज पर्यन्त कोई कार्यवाही नहीं की गई है। चूंकि उपरोक्त कार्य की स्वीकृति सत्ताधारी पार्टी के ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है जबकि रोजगार गारंटी योजना का मुख्य उद्देश्य प्रति परिवार को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध करवाना है। सुकमा जनता के लिए जिन मांगो के लिए अनूविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा रोजगार गारंटी योजना डीएमएफ टी योजना के फ ण्ड का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जाए उपरोक्त मदों एवं अन्य मदों की राशि को संपूर्ण जिले में विकास कार्यों हेतु समान रूप से जिले के भीतर खर्च किया जाए। उपरोक्त मदों का दुरूपयोग ठेकेदारों के लाभ के लिए न किया जाए। रोजगार गारंटी योजना में बनाए गए सभी स्टाप डेम चेक डेम एवं डीएमएफटी मेले में जो भी आश्रम छात्रावासों के मरम्मत का कार्य किया गया है। उपरोक्त सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच की जावे। चूंकि उपरोक्त कार्यों में जिले में चल रहे कमीशनखोरी के कारण भारी भ्रष्टाचार हुआ है। जिले की पोरदम ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नागलगुडा में रोजगार गारंटी योजना में फर्जी प्राक्कलन के आधार पर जारी प्रशासकीय स्वीकृति में लिप्त लोगों पर कार्यवाही की जाए। रोजगार गारंटी योजना में प्रशासकीय स्वीकृति ग्राम पंचायत व मजदूरों की मांग के अनुसार प्रदान की जावे एवं रोजगार गारंटी योजना में लंबित मजदूरी का भुगतान तत्काल किया जाए। सुकमा जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर यूथ क्लब का गठन संबंधित ग्राम पंचायत व ग्राम सभा के सहमति से किया जाए। बस्तर संभाग व सुकमा जिले में रिक्त शिक्षकों के पदों पर स्थानीय बेरोजगारों को नियुक्ति प्रदान की जाए। चूंकि यह पांचवी अनुसूची क्षेत्र है अत:नियमानुसार मूल निवासियों को स्थानीय भर्ती में प्राथमिकता दिया जाए। सुकमा जिले के अंतर्गत फर्जी ढंग से जारी लीज स्वीकृति आदेश किकिरपाल टिन खदान पुसपल्ली मार्बल खदान एवं मूलाकिसोली ग्रेनाईट खदान की लीज तत्काल निरस्त की जाए। आदि मांगो को लेकर धरना में उपस्थित थे। आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुंजाम, रामा सोड़ी, हड़मा मरकाम, गंगाराम नाग, देवा सोड़ी, आराधना मरकाम, करताम जोगा, शैलेन्द कश्यप सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एक नजर

### शराब दुकान के पास गंदगी, महापौर हुए नाराज

**कोरबा** । शराब दुकान के समीप भारी मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल, गिलास, प्लेट, चखने आदि का कचरा एवं गदंगी पसरी देख महापौर राजकिशोर प्रसाद ने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इस हेतु आबकारी विभाग को नोटिस जारी करे कि विभाग शराब दुकानों के आसपास साफ-सफाई पर ध्यान दें। इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर व मस्तुल सिंह कंवर, विनोद अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। महापौर राजकिशोर प्रसाद सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत घुड़देवा में आयोजित वृहद समाधान शिविर से वापसी के दौरान पंखादफाई में स्थित शराब दुकान के आसपास भारी मात्रा में बिखरी गंदगी को देखकर अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होने वाहन से उतरकर अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शराब दुकान परिसर का निरीक्षण किया, दुकान के समीप भारी मात्रा में डिस्पोजल, गिलास, प्लेट, का ढेर लगे होने के साथ ही समूचे परिसर में गंदगी बिखरी हुई थी। उन्होने इसे गंभीरता से लेते हुए निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे आबकारी विभाग को नोटिस जारी करें कि वे वहाँ की सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराएं, भविष्य में इस तरह की गंदगी न बिखरी रहे, यह सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि शराब दुकानों के समीप इस तरह की गंदगी बिखरी होने से आमनागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा निगम की सफाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### प्रखर नेत्री विप्लव ठाकुर का 25 को कोरबा प्रवास स्थगित

**कोरबा** । भाजपा की मोदी सरकार के द्वारा ईडी के दुरुपयोग व अग्निपथ स्कीम को लेकर देश मे चल रहे भारी विरोध प्रदर्शन व यात्री ट्रेनों की निरस्त होने की वजह से कोरबा में 25 जून को आयोजित होने वाले पंचायती राज में महिला सशक्तीकरण की भूमिका पर कार्यशाला का आगामी तिथि के लिए स्थगित किया गया है, बता दे कोरबा इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में देश की प्रखर नेत्री व पूर्व सांसद व आल इंडिया महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विप्लव ठाकुर सहित केन्द्रीय व प्रदेश के नेताओं की उपस्थित होने वाले थे, जिसे आगामी तिथि के लिए स्थगित किया गया है।

### धमतरी तहसील के मोंगरागहन और नगरी के मेचका में 24 को लगेगा राजस्व शिविर

**धमतरी** । जिले में तहसीलवार आयोजित राजस्व शिविरों की कड़ी में शुक्रवार 24 जून को धमतरी तहसील के मोंगरागहन और नगरी तहसील के मेचका (अति.) में शिविर लगाया जाएगा।

जहां धमतरी तहसील के मोंगरागहन में आयोजित राजस्व शिविर में ग्राम मोंगरागहन, भिड़ावर, कोड़ेगांव, बारगरी, सिंघोला, पंडरीपानी, कोसमी, अरौद (डू.), किसनपुरी, उरपोटी, पटेलगुड़ा, पटौद, सिलतरा, हरफर, कान्द्री, मोंगरी (डू.), कलारबाहरा, पहरियाकोना और बरबांधा के ग्रामीण शामिल होंगे। वहीं नगरी तहसील के मेचका (अति.) में लगने वाले राजस्व शिविर में ग्राम मेचका, खालगढ़, अरसीकन्हार, बोईरगांव, रिसगांव, आमाबाहरा और संदबहरा के ग्रामीण सम्मिलित होंगे।

### जिले में अब तक 64 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी** । जिले में एक जून से अब तक 64.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जहां सबसे अधिक नगरी तहसील में 112.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, वहीं भखारा तहसील में सबसे कम 46.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इसी तरह मगरलोड तहसील में 58.1 मिलीमीटर, कुरूद में 58 मिलीमीटर, धमतरी में 55.3 मिलीमीटर और कुकरेल तहसील में 54.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में आज की औसत वर्षा 3.2 मिलीमीटर दर्ज की गई है। आज सबसे अधिक नगरी तहसील में 14.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई, वहीं कुरूद, मगरलोड, भखारा और कुकरेल तहसील में बिल्कुल वर्षा नहीं हुई। इसी तरह धमतरी तहसील में आज 4.3 मिलीमीटर औसत दर्ज की गई है।

### शराब पिलाते 3 गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब पिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस के टीम ने ग्राम बहेतर के पास शराब पिलाते हुए आरोपी अजय सिंह राजपूत 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम असौंदा में शराब का सेवन कराते हुए आरोपी रमेश कुमार चौहान 35 वर्ष व दिलीप टण्डन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सफलता की कहानी

# गांव के गौठान ने महिलाओं के लिए आजीविका के द्वार खोले

**कुनकुरी, दुलदुला, फरसाबहार विकासखण्ड की 88 स्व सहायता समूह की महिलाएं अब तक 01 करोड़ 53 लाख 89 हजार रूपए के सामग्रियों का विक्रय कर चुकी हैं**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी और गोधन न्याय योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। कुनकुरी, दुलदुला और फ रसाबहार विकासखण्ड के गौठानों की स्व सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयार कर ही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा कपड़े से मास्क बनाना, सफ', साबुन, अगरबत्ती, फिनाईल, बड़ी-पापड़, चटाई, धनिया पाउडर, अहर दाल सहित साग-सब्जी का भी विक्रय किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समूह की महिलाओं को सामग्री का विक्रय कराने के लिए स्थानीय बाजारों के साथ ही जशपुर जिला मुख्यालय में सी-मार्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। महिलाएं अपने हाथों से बनाए गए सामग्री और गौठानों में उत्पादित सामग्रियों का विक्रय सी-मार्ट के माध्यम से करती हैं। जिला प्रशासन के अंतर्गत् संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से गौठानों में कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सामग्री बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड दुलदुला, कुनकुरी एवं फरसाबहार में महिला सशक्तिकरण करने के लिए 88 महिला स्व सहायता समूह को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर अनेक प्रकार की उत्पाद तैयार कर रहीं है।

# समृद्धि और स्वावलंबन के स्त्रोत बनते गौठान

गौठानों और मल्टी एक्टीविटी सेंटर में 329 महिला स्व.सहायता समूहों ने विभिन्न आजीविका गतिविधियां से 2 करोड़ 25 लाख रूपये से ज्यादा का टर्न ओवर विक्रय

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी और गोधन न्याय योजना के तहत जिले में गौठानों का निर्माण किया गया है। यहां महिला समूहों को जोड़ते हुए उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों से रूबरू कराया गया। शासन के इस कदम का परिणाम है कि जिले में 195 गौठानों और गौठान से भिन्न मल्टी एक्टीविटी सेंटर में 329 महिला स्व.सहायता समूहों के द्वारा सामुदायिक बाड़ी, मशरूम उत्पादन, दाल मिल, चप्पल निर्माण, चैन लिंक फेंसिंग, फ्लाई ऐश ईंट निर्माण, कोदो चावल प्रोसेसिंग, एलईडी बल्ब, पेवर ब्लॉक निर्माण आदि आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और इन गतिविधियों से समूहों द्वारा 2 करोड़ 25 लाख रूपये से ज्यादा का टर्नओवर विक्रय किया जा चुका है। जिला प्रशासन के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से गौठानों में कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सामग्री तैयार करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व सहायता समूहों, स्थानीय उत्पादकों को उचित प्लेटफ ॉर्म देने और स्थानीय उत्पादों, परंपरागत व्यंजनों, परिधानों को एक अवसर मुहैया कराने शासन की मंशा अनुरूप जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में छत्तीसगढ़ मार्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। महिलाएं अपने हाथों से बनाए गए सामग्री और गौठानों में उत्पादित सामग्रियों का विक्रय सी-मार्ट के माध्यम से करती हैं। शुरूआत के महज दो महीने से भी कम समय में सी-मार्ट के जरिए 14 लाख 13 हजार रूपये के उत्पादों का विक्रय किया गया है।




## गौठानों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में किया जा रहा विकसित

*गौठानों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करने के लिए जिले में 05 ईकाईया तैयार हैं जिनमें आलू चिप्स यूनिटए लकरा जूसए दोना पत्तल निर्माणए टेराकोटा सामग्रीए जीराफूल चावलए बेकरी उत्पादए कैटल फीडए रूईए शहदए झाडू निर्माण जैसी गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। आगामी कार्ययोजना के तहत कुल 25 गौठानों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयन किया गया है जहां 550 से अधिक हिताग्राहियों को रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है।*

# डीईओ के निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक नदारद,गैरहाजिर शिक्षकों को शो-काज नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला हाथाडांडू, प्राथमिक शाला जूनाडांडू, नवागांव ब, खैरी, छेरकापुर, खपरी, समेसर, झाल, पूर्व माध्यमिक शाला हाथाडांडू, समेसर, झाल विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोलिया तथा प्राथमिक शाला चारभाठा का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला हाथाडांडू के अनिल कुमार जांगड़े सहाशि एवं सुचित्रा निषाद सहा शिक्षक निर्धारित विद्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हाथाडांडू में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था उपयुक्त नहीं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा द्वारा व्यवस्था में सुधार करते हुए गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश प्रधान पाठक को दिए गए। शासकीय प्राथमिक शाला जूनाडांडू के निरीक्षण के दौरान पाठकान के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि टेकराम साहू शिक्षक दो दिवस से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में निरीक्षण के दौरान किसी भी कक्षा में अध्यापन कार्य होते नहीं पाया गया इस पर शिक्षक किशोर देवांगन को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कक्षाध्यापन हेतु निर्देशित किया गया। डीईओ मिश्रा के द्वारा विद्यालय के बच्चों से उनकी कक्षा के अनुरूप सवाल पूछे गए बच्चों में कक्षानुरूप दक्षता में कमी पाई गई। उपस्थित शिक्षकों को बच्चों में कक्षा के अनुरूप दक्षता को प्राप्त करने हेतु उचित प्रयास किए जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला समेसर में सभी शिक्षक कक्षा में न होकर बाहर प्रांगण में बैठे पाए गए जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के शिक्षक जय प्रकाश सिंह बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। शासकीय प्राथमिक शाला झाल एवं पूर्व माध्यमिक शाला झाल में प्रात: 11.15 बजे बच्चों को छुट्टी दे दी गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित समय तक विद्यालय संचालक हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोलिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा बंद पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा द्वारा सभी अनुपस्थित शिक्षकों को, बंद पाए गए विद्यालयों एवं निर्धारित विद्यालयीन समय के पूर्व बंद विद्यालयों के प्रधान पाठकों को, कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# संस्कृति से जोड़े रखती है बांसगीत की विधा

प्रकृति से प्रेम करना सिखती है संस्कृति-डॉ. पीसी लाल यादव

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




गत मंगलवार को विश्व संगीत दिवस के अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक महासमुन्द अध्याय द्वारा अमूर्त धरोहर लुप्तप्राय बांसगीत के प्रति स्कूली विद्यार्थियों व लोगों में रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से बांसगीत पर व्याख्यान एवं बांसगीत कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शांत्रीबाई कालेज सभागार में किया गया। मुख्यवक्ता लोकसाहित्य व लोककला मर्मज्ञ डॉ. पीसीलाल यादव थे। भोरमदेव बांसगीत दल सेवईकछार जिला कवर्धा द्वारा बांसगीत प्रस्तुत किया गया। मुख्यअतिधि जिला शिक्षा अधिकारी एस चन्द्रसेन ने कहा कि विश्व संगीत दिवस पर विलुप्त हो रही बांसगीत विधा पर व्याख्यान एवं उसकी प्रस्तुति इन्टैक महासमुन्द अध्याय का आयोजन सराहनीय है। बांसगीत के माध्यम से लोकगाथाओं का बखूबी चित्रण किया जाता है।भरथरी लोक गायिका सुरुज बाई खाण्डे का पुण्य स्मरण करते हुए उन्होने कहा कि लोक कलाकारों के प्रति श्रद्धा के भाव रखने से लोककला के संरक्षण और संवर्धन को बल मिलता है। छत्तीसगढ़ अध्याय के सहसंयोजक राजेन्द्र चाण्डक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इन्टैक और उसके उद्देश्य के बारे में सविस्तार प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. पीसीलाल यादव ने कहा कि संस्कृति ही प्रकृति से प्रेम करना सिखाती हैऔर बांसगीत जैसी विधा हमें संस्कृति से जोड़े रखती है।उन्होने बांस वाद्य का प्रादुर्भाव, लोकगाथाओं का वर्णन सहित बांसगीत विधा की बारीकियाँ चुटेले अंदाज में बताकर श्रोताओं का मन मोह लिया। सेवईकछार जिला कवर्धा से पधारे जय भोरमदेव बांसगीत दल के कलाकार कुनीराम यादव, हेमचंदयादव,रामझूल,सिद्धराम,परसादी राम एवं राजकुमार यादव द्वारा बांसगीत के माध्यम से कालिया दाह कथा की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर इस विधा के संरक्षण के लिये चिंतन करने पर मजबूर भी किया। इसके पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण संयोजक दाऊलाल चन्द्राकर ने तथा संचालन काव्यात्मक अंदाज रूपेश तिवारीएआभार प्रदर्शन सहसंयोजक बन्धु राजेश्वर खरे ने किया। अतिथियों,बांसगीत कलाकारों,विरासत संरक्षण की दिशा में कार्यरत काव्यांश परिवार,दिशा नाट्य मंच,चन्द्रनाहू शिक्षण समिति को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों सहित लघुकथाकार महेश राजा,गायन विधा से सुरेन्द्र मानिकपुरी, बीआर, साहू, काव्यांश परिवार से भागवत जगत,उमेश गोस्वामी,जयराम पटेल,द्रोपदी साहू,अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

पारंपरिक रूप से छ्त्तीसगढ़ प्रदेश के यदुवंशीय कलाकारों द्वारा बांसगीत गाया जाता है। इसमें वादक द्वारा बांस से बने वाद्य को बांसुरी व बीन की तरह फूंककर बजाया जाता है। एक दल में एक मुख्य गायक होता है उसके राग में राग मिलाने वाले एकाधिक्य रागी होते हैं। लेकिन सामान्यत: एक या दो रागी तो होते ही हैं। बांसवादक भी एकाधिक्य हो सकते हैं। लेकिन मुख्यत: एक या दो होते हैं। गायक द्वारा धार्मिक,पौराणिक व लौकिक लोकगाथाओं कथाओं को लोकगायन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। गायक की पंक्तियों को वादक बांस वाद्य की धून में दोहराता है। कार्यक्रम में रौनकता लाने सभी कलाकार स्वयं रंगीन परिधानों से सजे रहते हैं साथ ही बांस वाद्य को भी सुसज्जित रखते हैं। श्रोताओं में उत्साह बनाये रखने के लिए बीच-बीच में रागी बड़े चुटीले अंदाज में शिक्षाप्रद हास्य व्यंग्य दोहों का उद्घोष करता है।

बहुत ही मामूली मानराशि देकर बांसगीत का आयोजन विशेष तौर पर सुख-दुख के अवसरों व त्यौहारों पर किया जाता है।यह मुख्य आय व रोजी. रोटी का जरिया तक नहीं बन सका है। आधुनिकता के दौर में विलुप्त हो रहे अन्य लोकगीत संगीतों की तरह बांसगीत भी अंतिम श्वांस गिनने के कगार पर है। विलुप्त हो रही इस कला के संरक्षण व संवर्धन के लिये शासन व समाज से कलाकारों को प्रोत्साहन की दरकार है। इसे मात्र शौकपरस्ती से मुक्त कर रोजगारपरक बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास होने चाहिए।

# नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर कौन ? भाजपा या कांग्रेस

## 4 जुलाई को सम्मिलन,होगा शक्ति परीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

मौसमी तापमान भले ही गिर गया हैं। लेकिन शहर की सियासी तासीर गरमाई हुई हैं। वजह है, नगर के प्रथम नागरिक की कुर्सी। जिस पर कांग्रेस ने नजरे गड़ा दी है।







### पीठासीन अधिकारी होंगे एसडीएम जायसवाल




पिछले दिनों पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर और नेता प्रतिपक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अगुवाई में पार्षदों की ओर से पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के विरूद्व अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। तभी औपचारिक परिक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी और अब कलेक्टर द्वारा सम्मिलन के लिये 4 जुलाई की तिथी निर्धारित कर संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी भागवत जायसवाल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मलिन की कार्यवाही नगर पालिका के सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे प्रांरभ होगी। अब 4 जुलाई को निर्णायक ऊंट किस करवट बैठता है। यह देखना रोचक होगा। बहरहाल अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने वाले सत्तासीन भाजपा तथा सम्मिलन बुलाने वाली कांग्रेस के खेमों में सरगर्मी बढ़ गई है। राजनीतिक गलियारे में भी खासी चर्चा के बीच अटकले लगाई जा रही है कि नतीजा क्या हो सकता है। जहा तक नगर पालिका में दलगत अंक गणित को समझे तो, भले ही वर्तमान अध्यक्ष के दावानुसार उसके पास जादुई आंकड़ा हो सकता है। लेकिन मुगालता पालना इसलिये भी उचित नहीं है क्योकि,नगर पालिका के ही उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा के गणित का गुड़ गोबर हो गया था। इस बार बात और भी ज्यादा बिगड़ी हुई हैं। नेतृत्व अपनी ही पार्टी के लोगों को साधे रखने में निफल रहा। जिस दिन अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ था। बताया जाता है कि उसी दिन पार्टी के जिला कार्यालय में देर रात हुई बैठक के दौरान पार्टीजन पालिकाध्यक्ष के विरूद्व जमकर मुखर हुये थे। हालाकि पार्टी के वरिष्ट जन डेमेज कंट्रोल में जुटे हुये है। देखना यह है कि आगामी 4 जुलाई को भाजपा अपनी सत्ता बचा पाती है या सत्ता पर काबिज होने में कांग्रेस सफल रहती है।

# हमर पारा हमर क्लीनिक योजना के तहत् किया जा रहा है लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा निर्देश में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण एवं सुचारू संचालन तथा प्रत्येक जनता तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से हमर पारा हमर क्लीनिक योजना का प्रारंभ किया जा रहा है। योजना के तहत आम नागरिकों को उनके निवास के समीप ही पारा, टोला, मोहल्ला में सप्ताह में एक दिन स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। जिसके अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले संबंधित सीएचओ, आरएचओ महिला व पुरुष को ग्राम आवंटित किया गया है जहां इनके द्वारा सेवाएं दी जाएगी। हमर पारा हमर क्लीनिक योजना में स्वास्थ्य दल द्वारा सप्ताह में एक दिन गांव के पारा, टोला, मोहल्ला में निश्चित स्थल चिन्हांकित कर क्लीनिक का आयोजन किया जायेगा। इस कड़ी में आज स्वास्थ्य दल द्वारा फरसाबहार विकासखण्ड के भण्डारपारा तपकरा में लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को हिमोग्लोबिन टेस्ट भी किया गया।

# वृद्ध व्यक्ति को जंगली भालू ने किया घायल

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर के कतकालो गांव में जंगली भालू के हमले से 60 वर्षीय वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गया, आपको बता दें कि आज तकरीबन 12 बजे वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम कतकलो निवासी गोपाल भैंसा उम्र 60 वर्ष, बकरी चराने के लिए भंवर बंदा जंगल की ओर गया हुआ था। जहां एक जंगली भालू ने उसके ऊपर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया है। भालू के हमले से गोपाल भैंसा के सर और पीठ में काफी गंभीर चोटें आई हैं। भालू से बमुश्किल बचकर वह अपने घर तक पहुंच पाया जहां उनके परिजनों ने उसे तत्काल वाहन की व्यवस्था कर सीतापुर सीएससी इलाज के लिए पहुंचाया,

परिजनों से बात करने पर उन्होंने बताया कि एंबुलेंस की व्यवस्था ना होने के कारण उनके द्वारा पिकअप से घायल को सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। वहीं जब इस विषय पर हमने घायल व्यक्ति का इलाज कर रहे डॉक्टर एसएन पैंकरा से बात किये तो उन्होंने बताया कि भालू के हमले से वह व्यक्ति पूरी तरह से घायल है उसके सर और पीठ में काफी गंभीर चोटें आई हैं जिसका प्राथमिक उपचार करने के उपरांत घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

# सिविल अस्पताल की अव्यवस्था देख कलेक्टर ने जताई नाराजगी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कलेक्टर भीमसिंह सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां अव्यवस्था को देखकर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मेल वार्ड में बेड पर लगे गंदी चादर को देख बीएमओ को फटकार लगाई।



और तत्काल साफ सुथरा चादर, तकिया लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रसूति वार्ड का निरीक्षण कर प्रसव संख्या के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में बने शौचालय में गंदगी व अव्यवस्था को देख कलेक्टर ने तत्काल व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मरीजों के परिजनों से भी समस्या के बारे में पूछा। कलेक्टर भीमसिंह के जाने के बाद जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ ने विभागीय अधिकारी, डॉक्टर, कर्मचारियों की बैठक बुलाई।

# दवाई दुकान की आड़ में नशीली दवा बेचने का चल रहा धंधा, दो पर पुलिस का शिकंजा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले के मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाओं का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। संचालक बिना पच बेधड़क दवाईयां बेच रहे हैं। इसका खुलासा बुधवार को बसना थाना क्षेत्र के दो मेडिकल स्टोर्स में पुलिस की छापामार कार्रवाई से हुआ। पुलिस ने संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस की छापा मार कार्रवाई के दौरान दोनों मेडिकल स्टोर्स से करीब साढ़े 8 हजार रुपए कीमत की नशीली दवाई, इंजेक्शन और नकदी जब्त कर संचालकों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 21 के तहत कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि जिले दवाओं को खुलेआम बिक्री का यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी जिले में नशीली दवा विक्रो के मामले सामने आ चुके हैं। इधर, मामले में जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव अरशी अनवर का कहना है कि नशीली दवाईयों का अवैध कारोबार करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा करने वालों को एसोसिएशन की ओर से किसी तरह का संरक्षण देने की बजाए प्रशासन को कार्रवाई में सहयोग किया जाएगा। बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को भंवरपुर मोड़ स्थित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर्स के संचालक लोकेश प्रधान को नशीली दवाई 525 नग एलफ ापेन कीमती 1260, 220 नग एसीमेपिएशन टेबलेट, 14 नग टेमाडेल इंजेक्शन कीमती 328 बेचते हुए पकड़ा। उनसे बिक्री को रकम 5 सौ के साथ 4379 रुपए की दवाएं जब्त कर नारकोटिक एक्ट 21 के तहत कार्रवाई की। दूसरे मामले में बसना पुलिस ने शहर के जनपद चौक स्थित कर्मा मेडिकल स्टोर्स के संचालक को भी मुखबिर की सूचना पर बुधवार को नशीली दवाईयों की अवैध रुप से बिक्री करते हुए पकड़ा।

उनसे 1725 नग एलप्रान कीमती 4120 होगी। रुपए और नकदी 7, सौ रुपए कुल 4840 रुपए जब्त कर नारकोटिक एक्ट 21 के तहत कार्रवाई की। जानकारी मिलने पर पुलिस और ड्रग विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई को गई है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### ग्राम अर्जुनी में हुआ राजस्व शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले के बेमेतरा तहसील के अन्तर्गत ग्राम अर्जुनी में आज गुरुवार को ग्रामीणों की समस्याओं तथा उनके द्वारा दिए गये आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीण स्तर पर निराकरण करने राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश वर्मा, तहसीलदार रोशन साहू, राजस्व निरीक्षक शिवनाथ साहू हल्का पटवारी बोधि राम निषाद पटवारी कल्याणी ठाकुर एवं पटवारी गुलशन ठाकुर ग्राम अर्जुनी उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों द्वारा प्राप्त 11 आवेदन स्वीकार किए गए जिसमें बच्चों के आय जाति प्रमाण पत्र से संबंधित 67 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। अविवादित नामांतरण के 21 प्रकरणों पर तहसीलदार के द्वारा मौके पर ही आदेश पारित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किसानों को किसान किताब का वितरण किया गया तथा ग्रामीण स्तर की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों एवं कर्मचारियों को निराकरण करने हेतु निर्देश दिए। शिविर के दौरान ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा और काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### स्वस्थ जीवन शैली अपनाने गृहणियों ने योग करने का लिया संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सड्डु फैस 1 कालोनी में मंगलवार की सुबह गृहणियों ने एकत्रित होकर योग किया और स्वस्थ होने का संकल्प लिया। अंतरष्ट्रीय योग दिवस पर गृहणियों के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान योग की महत्ता के विषय में सोनल सिंह ने महिलाओं को जागरूक किया गया। योग शिविर में कालोनी के सभी गृहणियों और कामकाजी महिलाएं और अन्य लोग मुख्य रूप से शामिल हुए। हैप्पी योगा क्लास की संचालिका सोनल सिंह ने बताया कि योग के माध्यम से महिलाओ ने शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य लाभ लिया है। इस लिए अब रोज सुबह योग करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर प्रीति सक्सेना, दास मैडम, भारती राजोरिया, जयति मैडम, जीना मैडम, पुष्पा मैडम, द्वावेदी मैडम ने योग किया।

### डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथी पर श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



समीपवर्ती ग्राम खरोरा में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया उपसरपंच हेमलता चन्द्राकर मितानी कौशल्या चन्द्राकर लक्ष्मी चन्द्राकर कामता चन्द्राकर मीना चन्द्राकर बबली चन्द्राकर पांचों बाई चन्द्राकर निर्मला चन्द्राकर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर महेश चन्द्राकर मयंक चन्द्राकर स्मरण उपसरपंच हेमलता चन्द्राकर ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भारत में लोगों की सेवा करते थे। राष्ट्रीय एकता के लिये उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं था।

# खेत से चोरी किये 40 नग लोहे का एंगल सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी राजेश साहू पिता रतनु साहू उम्र 32 साल साकिन कुसमी थाना बेमेतरा ने थाना हाजिर आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि गांव के कुसुम शर्मा का जोरा तालाब के पास स्थित 15 एकड़ खेत को रेग में लिया हूं जिसमें लोहे का एंगल गडाकर जाली तार से घेरा लगाया गया था।



18 जून 2022 को शाम 06 बजे लगभग उसने अपने रेग के खेत में काम कर वापस घर आ गया। 19 जून 2022 को सुबह 06 बजे जाकर देखा तो खेत में गडे 40 नग लोहे का एंगल नहीं था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत के मेढ में गड़े 40 नग लोहे के एंगल कीमती लगभग 15,000 रूपये को उखाड़कर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध क्र.357/2022 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने माल मुल्जिम पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में माल मुल्जिम पतासाजी विवेचना के दौरान ग्रामीणों द्वारा ग्राम कुसमी बहेरा के पारधी लोगों पर संदेह करने पर पता तलाश के दौरान कुछ पारधी गांव के तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में मिला जिन्हे पुछताछ करने पर अपना नाम कपील पारधी, किशन पारधी, संतोष पवार, राजेश सिसोदिया सभी साकिनान कुसमी बहेरा थाना व जिला बेमेतरा का होना बताया। जिसे हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर चारो लोग एक साथ मिलकर राजेश साहू के खेत से 40 नग लोहे के एंगल को चोरी कर चारो लोग 10 .10 एंगल अपने दू अपने हिससे में बांटकर अपने अपने घर में छिपाकर रखना बताने पर आरोपियों के द्वारा अपने घर में छिपाकर रखे 10-10 नग लोहे का एंगल कुल 40 नग कीमती करीबन 15 हजार रूपये को निकालकर पेश करने पर जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपीगण कपील पारधी पिता जानेलाल पारधी उम्र 35 साल, किशन पारधी पिता नंदकुमार पारधी उम्र 21 साल, संतोष पवार पिता महंगु पवार उम्र 40 साल, राजेश सिसोदिया पिता संतराम सिसोदिया उम्र 30 साल सभी साकिनान कुसमी बहेरा थाना व जिला बेमेतरा को 22 जून 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, पवन सिंह राजपूत, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पांडेय, खेमलाल निषाद, फिरोज साहू, छन्नू टंडन, चुरावन पाल, एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# डायरिया से बचाव के लिये ओआरएस घोल के साथ जिंक है जरूरी

## समेली में मनाया गया डायरिया नियंत्रण जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-दंतेवाड़ा।



बरसात का मौसम प्रारंभ होते ही डायरिया की समस्या बढ़ने लगती है। जिले में डायरिया से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 जून से 5 जुलाई 2022 तक डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न स्कूल-आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम समेली में स्थित स्कूल-आश्रम में पड़ने वाले बच्चों को जागरूक किया गया। इस मौके पर बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने, साफसफाई रखने, शौच के लिये शौचालय का प्रयोग करने आदि के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें ओआरएस घोल बनाने की विधि भी बताई गई। इस सम्बन्ध में सीएमएचओ डॉ. गिरीश शर्मा ने बताया डायरिया नियंत्रण पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य ओआरएस और जिंक के उपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यदि किसी भी बच्चे को दस्त हो तो उसे ओआरएस का घोल बनाकर तत्काल दिया जाना चाहिए। इसके लिए मितानिन अपने क्षेत्र में बच्चों को चिन्हित करते हुए गृह भ्रमण के दौरान ओआरएस बनाने की विधि का प्रदर्शन कर रहीं हैं। सामान्य डायरिया का इलाज करने के अलावा गंभीर केस को रेफर करना भी आवश्यक है। ताकि पीएचसी व सीएचसी पर उनका सही उपचार हो सके। ब्लॉक के सभी पीएचसी और सीएचसी पर डायरिया का निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। डायरिया के प्रति जागरूकता अभियान चला रहे आरएमओ डॉ. अतीक अंसारी ने बताया जिले में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाते हुए शौचालय का उपयोग, स्वच्छ जल का प्रयोग करने के साथ उन्हें अपने आस पास साफसफाई रखने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। डॉ, अंसारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि डायरिया से बचाव के लिये ओआरएस घोल के साथ जिंक की गोली भी जरूर देनी चाहिए। साथ ही बच्चों में दस्त बंद हो जाने के बाद जिंक की खुराक 14 दिनों तक जरूरी हैए ऐसा करने से अगले दो से तीन महीने तक डायरिया होने की संभावना भी कम हो जाती है। दो से छह माह तक के बच्चों को जिंक की आधी गोली पानी में मिलाकर और सात माह से पांच साल तक के बच्चों को पूरी गोली देनी चाहिए। जिंक व ओआरएस का घोल के इस्तेमाल के बाद भी डायरिया ठीक न हो और यदि बच्चे को पानी जैसा लगातार मल होए बार-बार उल्टी हो, अत्यधिक प्यास लगे, पानी न पी पाएं, बुखार हो और मल में खून आ रहा हो तो उसे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाना चाहिए।



## मृगदीप लांबा की फुकरे 3 की शूटिंग हुई पूरी




मृगदीप लांबा की फुकरे 3 की तीसरी कड़ी की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म निर्माता ने कलाकारों को धन्यवाद देते हुए एक नोट लिखा है। लांबा ने अपने सोशल मीडिया पर फुकरे 3 के रैप अप का उल्लेख करते हुए एक पोस्ट साझा किया, जबकि उन्होंने उत्सव को चिह्नित करने के लिए केक की एक तस्वीर डाली। उन्होंने कैप्शन में एक थैंक्यू नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, यह एक रैप है हैशटैग-फुकरे3 थैंक यू हैशटैग-टीमफुकरे3 आप लोग कमाल के थे। आप में से हर एक फुक फुक फुक शूट पागलपन को मिस करेगा। उसी की घोषणा करते हुए प्रोडक्शन हाउस, एक्सेल एंटरटेनमेंट ने भी अपने सोशल मीडिया पर एक नोट लिखा, जिसमें कहा गया था, फुकरे 3 को रैप करने का समय आ गया है।

## हिना खान ने किया इंटरनेट पर कब्ज़ा, नया फोटोशूट देख घायल हुए फैंस



टेलीविज़न के मशहूर सीरियल से घर-घर में अपनी छाप छोड़ने वाली हिना खान बॉलीवुड में करियर बनाने के प्रयास में लगी हुई हैं। कान्स में उन्होंने अपनी अगली फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड का पोस्टर जारी करके ये बता दिया कि वो बॉलीवुड पर कमाल करने वाली हैं। लाखों दिलों पर राज करने वाली हिना खान हाल ही में एक अवॉर्ड कार्यक्रम में नजर आई।

वही इसके चलते वो बेहद खूबसूरत लगीं। हिना ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर इवेंट लुक की कुछ तस्वीरें साझा की है। जिसे देखकर प्रशंसक अपना दिल हार रहे हैं। इन तस्वीरों में हिना खान ने ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस पहन रखी हैं। ब्लैक गाउन में वो अब तक की सबसे खूबसूरत लुक में नजर आ रही हैं। हिना खान ने ग्लिटरी मेकअप किया था जिससे शाम को और भी वो खूबसूरत बना सकें। गले में चोकर आकर्षक का केंद्र था।

हिना खान की फोटोज से प्रशंसकों की नजर नहीं हट रही हैं। स्टनिंग, फायर, हॉट जैसे कमेंट की लाइन लगी हुई हैं। कुछ लोग उनकी आंखों की प्रशंसा भी करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष हिना खान ने फिर से इंटरनेशनल इवेंट कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने फैशनेबल लुक से जलवा बिखेरा। हालांकि उन्हें भारतीय पवेलियन में हिस्सा नहीं मिलने के कारण थोड़ा दुख हुआ था। वही फिलहाल इंटरनेट पर हिना की ये तस्वीरें छाई हुई है।

## केट शर्मा ने शेयर किया बिकिनी तस्वीरें देखकर अपनी मॉम का रिएक्शन

केट शर्मा का सोशल मीडिया भले ही उनके बिकनी शूट और सेक्सी कपड़ों में आत्मविश्वास के लिए तारीफों और तारीफों के साथ धमाका कर रहा हो, लेकिन उनके लिए एक टिप्पणी सामने आई है। अपनी बेटी को इतने नाजुक दृश्यों और शूटिंग में देखने के बारे में अभिनेत्री की मां का कुछ और ही कहना था।



केट ने हमारे साथ साझा किया कि उनकी पहली बिकनी पोस्ट देखकर उनकी मां ने कैसे प्रतिक्रिया दी, ज्यादातर माताओं की तरह, मेरी माँ भी थोड़ी पारंपरिक हैं और मेरी पहली बिकनी पोस्ट को देखकर, उनकी प्रतिक्रिया वास्तव में काफी मजेदार थी। उन्होंने मुझे डांटा।

मैं वास्तव में फोन के माध्यम से गर्मी महसूस कर सकती थी। माँ रिश्तेदारों के बारे में सोचती थीं कि वे क्या सोचेंगे और कैसे प्रतिक्रिया देंगे, लेकिन मैं उनके साथ बैठ गई और शांति से उन्हें फैशन के बारे में समझाया कि उद्योग और कला और दुनिया कैसे विकसित हुई है। मैंने उन्हें समझाया कि यह सिर्फ पहनावा नहीं है बल्कि यह महिलाओं को कई अलग-अलग तरीकों से सशक्त बनाता है।

हर चीज के दो पहलू होते हैं इसलिए मैंने उनसे कहा कि इसे शक्तिशाली, शानदार और सुंदर के रूप में लें। लेकिन इसके अलावा, मेरी मां ने मेरे सपनों को पूरा करने और एक मॉडल और अभिनेत्री बनने में मेरा काफी साथ दिया है। यह वास्तव में हमारे माता-पिता की प्रार्थना है जो हमें सफलता की ओर ले जाती है। केट ने इंस्टाग्राम पर रील में फोन के जरिए अपनी मां के चिल्लाने का एक मजेदार वर्जन भी पोस्ट किया है और यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

## अपने पालतू कुत्ते को साफ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए अपनाएं ये ग्रुमिंग टिप्स

बिल्लियों जैसे पालतू जानवरों खुद को संवार लेते हैं, लेकिन जब बात कुत्तों की आती है तो उनके लिए खुद को संवारना मुश्किल होता है। हालांकि, कुत्ते खुद को साफ रखने के लिए कई तरह की कोशिश करते हैं, लेकिन उसमें पूरी तरह से सफल नहीं हो पाते। अगर आपने कोई कुत्ता पाल रखा है तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसी ग्रूमिंग टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप उसे साफ और स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।



अपने कुत्ते को नहलाने के लिए सबसे पहले एक मग गुनगुना पानी अपने कुत्ते पर डालकर उस पर हल्के हाथों से माइल्ड शैंपू लगाएं, फिर उसे सावधानीपूर्वक गुनगुने पानी से नहालकर तौलिये से पोंछे। किसी भी कुत्ते को नहलाने की आवृत्ति उसकी नस्ल पर निर्भर करती है, लेकिन अधिकांश कुत्तों को महीने में एक-दो बार नहलाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर अपने कुत्ते के फर को अच्छी तरह से ब्रश करें ताकि उनमें पिस्सू जैसे कीड़े न हो।

इंसानों की तरह ही कुत्तों के मुंह का स्वच्छ होना जरूरी है, इसलिए अपने कुत्ते के दांतों को नियमित रूप से ब्रश करें। दरअसल, बैक्टीरिया उनके दांतों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने का कारण बन सकते हैं, जिससे उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। द अमेरिकन सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स के मुताबिक, सप्ताह में दो-तीन बार कुत्तों को टूथब्रश कराने की सलाह देती है।

जब बात ट्रिमिंग की आती है तो इसमें आपके कुत्ते के फर और नाखून दोनों शामिल होते हैं। हालांकि, ट्रिम करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें क्योंकि उस दौरान आप एक तेज उपकरण का इस्तेमाल कर रहे होते हैं और आपका कुत्ता आपकी पकड़ से बाहर निकलने की कोशिश कर सकता है, जिसके कारण उसे या फिर आपको चोट लगने का खतरा हो सकता है। इसलिए धीरज और सावधानी से यह कार्य करें या फिर उसे डॉग सैलून लेकर जाएं। जब आप अपने कुत्ते पर ब्रश करें या फिर उसे नहलाएं तो उसके कानों की जांच करें। दरअसल, कुत्ते के कान में कोई संक्रमण होता है और उसका समय पर इलाज नहीं किया जाता है तो वे दर्दनाक और परेशान करने वाला हो सकता है।

## गैस की समस्या होने पर करें इन चाय का सेवन, जल्द मिलेगा समस्या से छुटकारा

गैस बनने की समस्या तब होती है, जब गले और पेट को जोड़ने वाली एक प्रकार की नली कमजोर हो जाती है और इससे पेट में मौजूद एसिड ऊपर की ओर आ जाता है। यह एक सामान्य शारीरिक समस्या है और इससे डॉक्टरी इलाज की मदद से राहत पाई जा सकती है। वहीं, कुछ हर्बल चाय भी आपको इससे राहत दिला सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी चाय के बारे में बताते हैं।



**पुदीने की चाय**- पुदीने की चाय का सेवन गैस के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। इस चाय को बनाने के लिए पहले एक पैन में दो कप पानी उबालें, फिर इसमें 10 से 15 पुदीने की पत्तियां डालें और पानी को थोड़ी देर तक उबालें। कुछ सेकंड बाद गैस बंद करके पानी को ढक दें, फिर कुछ मिनट बाद इस चाय को छानकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो इस चाय में भी स्वादानुसार शहद मिला सकते हैं।

**अदरक की चाय**- अदरक की चाय में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन को कम करने समेत गैस से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इस चाय को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में दो से तीन कप पानी और थोड़ा सा कदूकस किया हुआ अदरक डालें। इसके बाद कुछ मिनट तक पानी को उबलाकर गैस बंद कर दें। अब इस चाय को छानकर एक कप में डालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर पिएं।

**कैमोमाइल टी**- कैमोमाइल टी का सेवन भी गैस से राहत दिलाकर पाचन को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इस चाय को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में एक गिलास पानी और एक चौथाई कप सूखे कैमोमाइल के फूल डालकर उबालें और जब पानी आधा हो जाए तो गैस बंद करके चाय को छानकर कप में डालें। इसके बाद चाय में स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

**सौंफ की चाय**- इस चाय का सेवन भी गैस की समस्या से राहत दिलाने में सहायक है।

# खेल

महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## टीम को ओलिंपिक के सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाली कप्तान रानी रामपाल बाहर

महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम घोषित कर दी गई है। हालांकि, टीम को टोक्यो ओलिंपिक के फाइनल तक पहुंचाने वाली कप्तान रानी रामपाल इस बार टीम से बाहर हैं।



जबकि अनुभवी गोलकीपर सविता पुनिया को कमान सौंपी गई है और दीप इक्का ग्रेस को डिप्टी बनाया गया है। महिला हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन 1 से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन की संयुक्त मेजबानी में होगा।

### रिहैब से गुजर रही थीं रानी रामपाल

करिश्माई स्ट्राइकर और पूर्व कप्तान रानी रामपाल के पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ स्नद्ध॥ प्रो लीग मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। टीम की हिस्सा होने के बावजूद रानी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान शुरुआती चार मैच में नहीं खेलीं। इससे उनके अनफिट होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि, हॉकी इंडिया ने उनकी फिटनेस की स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

रानी को जगह नहीं मिलने के बाद टीम में और कोई हैरानी भरा नाम नहीं है और भारत ने परखे हुए खिलाड़ियों को मौका दिया है। हाल के स्नद्ध॥ प्रो लीग मुकाबलों में भारतीय टीम का हिस्सा रही डिफेंडर इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले, मिडफील्डर बलजीत कौर और स्ट्राइकर संगीता कुमारी को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

### इंग्लैंड के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी टीम

भारत को पूल बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और चीन के साथ रखा गया है। टीम अपना पहला मैच 3 जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी, जिसके खिलाफ उसने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक का मुकाबला गंवाया था।

## डेविड वॉर्नर ने खेली दिल जीतने वाली पारी, मगर दर्ज हुआ ये अनचाहा रिकॉर्ड



**कोलंबो** । श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच कोलंबो में 21 जून को चौथा वनडे मैच खेला गया, जिसमें श्रीलंका ने 5 रन से रोमांचक जीत हासिल की. इसी के साथ मेजबान टीम ने सीरीज में 3-1 से अपना कब्जा जमा लिया है. श्रृंखला का आखिरी मुकाबला इसी मैदान पर 24 जून को खेला जाना है. चौथे एकदिवसीय मैच में भले ही ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी पारी के दिल जीत लिया. वॉर्नर अपने शतक से महज 1 रन दूर रह गए. इसके लिए उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया.

डेविड वॉर्नर ने 112 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 99 रन बनाए. उन्हें धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर निरोशन डिकवेला ने स्टंप आउट किया. डेविड वॉर्नर क्रिकेट इतिहास में 99 पर स्टंप आउट होने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम 49 ओवरों में 258 रन पर सिमट गई. श्रीलंका की ओर से चरिथ असलंका ने 106 गेंदों में 110 रन की पारी खेली. उनके अलावा वानिंदु हसरंगा ने नाबाद 21 रन बनाए. विपक्षी टीम की ओर से मिचेल मार्श, पैट कमिंस और मैथ्यू कुहनेमैनने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

### एक नजर

## सेरेना ने जीत के साथ वापसी की



**ईस्टबोर्न।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट ईस्टबोर्न में महिला युगल का मैच जीतकर एक साल बाद कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेरेना ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इसके डेढ़ घंटे बाद दर्शकों ने 23 बार की ग्रैंडस्लैम एकल विजेता की जीत का जश्न मनाया। सेरेना ने अपनी जोड़ीदार ओंस जाबूर के साथ मिलकर महिला युगल के पहले दौर में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके सारा सोरिब्स टोरमो और मैरी बुजकोवा को 2-6, 6-3, 13-11 से हराया।

इस जीत का मतलब है कि विंबलडन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली सेरेना को इससे पहले कम से कम एक और प्रतिस्पर्धी मैच खेलने को मिलेगा। विंबलडन सोमवार से शुरू होगा। सेरेना पिछले साल आखिरी बार इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में ही खेली थी।

## ज्योतिष की सलाह से फुटबॉल खेल रही है टीम इंडिया, एक टूर्नामेंट के लिए खर्चे 16 लाख रुपये

**नईदिल्ली** । अपनी किस्मत के सितारे बुलंद करने के लिए लोग ज्योतिष का खूब सहारा लेते हैं और इसमें हमारा फुटबॉल संघ में भी पीछे नहीं है. भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एशियाई कप क्वॉलीफायर टूर्नामेंट के लिए ज्योतिषी को टीम को प्रेरित करने के मकसद से हायर किया था. यह जानकारी टीम के एक सूत्र ने दी. हैरानी की बात है कि फुटबॉल संघ ने इस सेवा के लिए कुल 16 लाख रुपये भी खर्च किए हैं. सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वॉलीफाई किया था. सूत्र ने बताया, 'एशियाई कप से पहले राष्ट्रीय टीम के लिए एक प्रेरक नियुक्त किया गया था. बाद में, पता चला कि जिस कंपनी से करार हुआ था, वह ज्योतिष से जुड़ी कंपनी है हालांकि यह साफ नहीं है कि यह ज्योतिष कंपनी ग्रह नक्षत्र देखकर खिलाड़ियों को प्रेरित करने का काम कर रही थी या फिर खिलाड़ी और खेल की मांग के हिसाब से उन्हें प्रेरित करने का काम कर रही थी. लेकिन टूर्नामेंट की बात करें तो भारत ने इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहते हुए अपने अभियान को खत्म किया और उसने एशियाई कप के लिए क्वॉलीफाई किया है।



टीम इंडिया की नींद उड़ा सकते हैं 5 अंग्रेज खिलाड़ी

## रूट भारत के खिलाफ 60 के औसत से बनाते हैं रन, एंडरसन के नाम 133 विकेट

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 1 जुलाई से बर्मिंघम में टेस्ट मैच खेला जाना है। यह वही टेस्ट है जो पिछले साल कोरोना के कारण स्थगित हो गया था। जब सीरीज रुकी थी तो भारत 2-1 से आगे था। अगर यह मैच टीम इंडिया जीत जाती है तो 2007 के बाद पहली बार टीम इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीतेगी। यानी टीम के पास 15 साल बाद इतिहास रचने का मौका होगा। लेकिन, इंग्लैंड के पास पांच ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत का सपना तोड़ सकते हैं। चलिए जान लेते हैं कि कौन हैं वो पांच अंग्रेज सितारे और वे क्यों भारत के लिए मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। 39 साल के इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टीम इंडिया के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 650 विकेट पूरे किए हैं। भारत के खिलाफ इस खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ 34 टेस्ट मैच खेले हैं और 133 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनका औसत 25.22 का रहा है।




इंग्लैंड में नजर आई विराट कोहली की लीडरशिप

## प्रैक्टिस सेशन के बाद खिलाड़ियों को दी मोटिवेशनल स्पीच, कोच द्रविड़ भी टीम से जुड़े

विराट कोहली भले ही अब टीम इंडिया के कप्तान न रहे हों, लेकिन उनके अंदर के लीडर को कोई खत्म नहीं कर सकता। एक बार फिर इसका सबूत मिला टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन के दौरान। लिस्टर काउंटी ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें विराट साथी खिलाड़ियों को मोटिवेशन स्पीच देते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, वे क्या बोल रहे हैं यह सुनाई नहीं दे रहा है।

रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में है, जहां 1 जुलाई से बर्मिंघम में मेजबान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला जाना है। यह मैच पिछले साल कोरोना के कारण बीच में स्थगित हुई सीरीज का हिस्सा है।



### कोच राहुल द्रविड़ भी टीम से जुड़े

टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ भी मंगलवार को टीम के साथ जुड़ गए। BCCI ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। द्रविड़ ने खिलाड़ियों के साथ पहले टेस्ट की रणनीति को लेकर चर्चा की। इसके बाद टीम इंडिया के सितारों ने अलग-अलग प्रैक्टिस ड्रिल पूरी की।

### सीरीज में 2-1 से आगे है टीम इंडिया

पिछले साल चार टेस्ट मैचों के बाद कोरोना के कारण भारत-इंग्लैंड सीरीज को स्थगित करना पड़ा था।

# खलबोरा में आजीविका गतिविधि से जुड़ रहा हर परिवार

## जिला अधिकारियों को लेकर ग्रामीणों से मिलने पहुंचे कलेक्टर भीम सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम खलबोरा में गरीबी मुक्त गांव की संकल्पना के साथ कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत गांव के प्रत्येक परिवारों को शासन की आजीविका संवर्धन योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है।





### गांव में बढ़ी पशुपालन व कृषि गतिविधियां, महिलाएं सीख रही सिलाई, कम्प्यूटर चलाने जैसे हुनर

जिससे ग्रामीणों की कृषि के साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आय में वृद्धि हो सके। इसी सिलसिले में कलेक्टर सिंह जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ खलबोरा पहुंचे तथा वहां चल रहे विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों से चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों से कहा कि जिन गतिविधियों से ग्रामीणों को अधिक फायदा हो रहा है, उन पर फोकस किया जाये। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वितों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने एवं आय संवर्धन की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीणों को बेहतर लाभ हो सके। कलेक्टर सिंह ने गांव में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विभागीय कार्यों की विभागवार समीक्षा की। पशुपालन विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि विभागीय योजनाओं के माध्यम से 79 हितग्राहियों को बकरी एवं 80 बकरी शेड, 29 हितग्राहियों को मुर्गी व 7 हितग्राहियों को गाय व एक हितग्राही को शूकर प्रदान किया गया है। जिसमें वर्तमान में बेहतर लाभ देखते हुए ग्रामीणों द्वारा गाय पालन के लिए 17 हितग्राहियों एवं 18 हितग्राहियों के द्वारा बकरी के लिए मांग पत्र दिए है, जिसे हितग्राहियों को जल्द प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिह ने पशुपालन विभाग को चाप कटर प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में मछली पालन विभाग द्वारा बताया गया कि 6 हितग्राहियों को मछली बीज प्रदाय किया गया था। जिससे ग्रामीणों को अच्छा लाभ मिला है, जिसके कारण अन्य लोगों ने भी आवेदन किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को अच्छी ब्रीड की मछली बीज प्रदान की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारी को डबरी निर्माण के कार्य करवाने के निर्देश दिए। उद्यान विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 40 लोगों को मिनी कीट प्रदाय किया गया था। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने गहरी नाराजगी जताते हुए हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारी को ड्रीप सिंचाई सिस्टम लगवाने के लाभ एवं ग्रामीणों को फसल विविधिकरण की जानकारी देने के निर्देश दिए। किसानों की सिंचाई सुविधा के बोर खनन करने के निर्देश दिए। रेशम विभाग के अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 6 लोग रेशम पालन का कार्य कर रहे है, इसके साथ 15 लोगों का रेशम पालन, प्लांटेशन प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है। कृषि विभाग द्वारा बताया कि सामुदायिक बोर खनन, केसीसी निर्माण किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने केसीसी के माध्यम से ग्रामीणों को खाद, बीज दिलवाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा बताया कि सौर सुजला योजना से पांच ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने हितग्राहियों से बात की, हितग्राही ने बताया कि इस योजना से सिंचित भूमि का विस्तार हुआ है और वे एक फसल के जगह दो फसल ले पा रहे है। इसी प्रकार विभिन्न स्किल व ट्रेड ट्रेनिंग अन्तर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 38 महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान किया गया है। इसी तरह समूह को ट्रेनिंग देकर कम्प्यूटर सेट प्रदान किया गया है। वन विभाग द्वारा 25 महिलाओं को सबई घास की रस्सी व टोकरी निर्माण प्रशिक्षण एवं मशीन प्रदान किया गया है। इसी प्रकार माहुल पत्ता का दोना, पत्तल बनाने की प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य योजनाओं के तहत ग्रामवासियों के हेल्थ कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों के राशन कार्ड व पेंशन से जुड़े प्रकरणों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम धरमजयगढ़ मनीष मिश्रा, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, उप संचालक कृषि श्री हरीश राठौर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खलबोरा में बांटे गये वन अधिकार पत्र

कलेक्टर सिंह ने खलबोरा में वन अधिकार पत्र वितरण की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने 39 लोगों को वनअधिकार पत्र वितरित किए। इसके पूर्व 37 व्यक्तियों को वनअधिकार पत्र वितरित किया जा चुका है। वन विभाग द्वारा वनअधिकार पट्टे वितरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई। वनअधिकार के लंबित आवेदनों पर शीघ्र वन अधिकार पत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को मनरेगा अन्तर्गत भूमि समतलीकरण के लिए आवेदन करने को कहा एवं गाय व बकरी तथा शूकर शेड, डबरी, कुआं निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिए।

### आमगांव के वनअधिकार पत्र हितग्राहियों से की चर्चा

*कलेक्टर सिंह द्वारा आमगांव के मंगतुराम, प्रभुदयाल, परमात्मा व अन्य वनअधिकार पत्र हितग्राहियों से चर्चा की। हितग्राहियों ने बताया कि जमीन का पट्टा मिलने से अब उसमें खेती कर फसल ले रहे है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने उनसे सिंचाई के संबध में जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि सिंचाई के साधन उपलब्ध है। जल स्तर बढ़ाने के लिए नाले में चेक डेम व फसल कटाई के लिए मशीन की मांग ग्रामीणों ने की। कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारी को मशीन खरीदी व चेक डेम बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने ड्रीप के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। हितग्राहियों ने कलेक्टर सिंह को बताया कि समतलीकरण के बाद धान के फसल के लेने के बाद उन्होंने मूंगफल्ली का फसल भी लिया था।*

एक नजर

## हाथियों का उत्पात लगातार जारी, परला में फिर तोड़े ग्रामीण के मकान

**कोरबा** । जिले के हाथी प्रभावित कटघोरा वनमंडल में गजदल द्वारा ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाए जाने का सिलसिला जारी है। बीती रात यहां के केंदई वन परिक्षेत्र में मौजूद 15 हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी अलग होकर नजदीकी परला गांव में घुस गया और इसके आखिरी छोर पर स्थित संजय उरांव नामक ग्रामीण के मकान को छतिग्रस्त कर दिया। जिस समय दंतैल ने यहां धावा बोला मकान मालिक संजय उरांव व उसका परिवार सो रहा था। हाथी के आने की आहट सुनकर परिवार के सभी लोग जागे और घर के भितरी क्षेत्र में मौजूद एक कमरे में छिपकर जान बचाई। हाथी काफी देर तक यहां मंडराता रहा। दो घंटे बाद दंतैल ने सुबह होने से पहले जंगल का रूख किया तब मकान मालिक व उसके परिवार के सदस्यों की जान में जान आयी। इससे पहले सभी लोग काफी सहमे हुए थे। तथा डर के मारे कमरे के कोने में छीपे रहे। सुबह होने पर इसकी सूचना रेंजर अभिषेक दुबे, डिप्टी रेंजर सहित क्षेत्र के बीट गार्ड व अन्य कर्मियों को दी गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दंतैल द्वारा रात में किये गए नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। प्रारंभिक तौर पर ग्रामीण को हजारों रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। वन विभाग पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति देगा। याद रहे हाथियों को केंदई क्षेत्र का जंगल काफी भा गया है। यहां उसके खाने पीने के लिए पर्याप्त चारा व पानी की व्यवस्था है। तथा यहां का वातावरण भी हाथियों के अनुकुल होने के कारण क्षेत्र को रहवास बनाते हुए हाथी लंबे समय से जमे हुए हैं। हाथियों को खदेड़ने के लिए वन विभाग की ओर से कई बार कोशिशे की गई। लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पायी। हाथियों को खदेड़े जाने पर वे आक्रोशित होकर और भी अधिक उत्पात मचाते थे। इसलिए वन विभाग ने रणनीति बदलते हुए अब हाथियों को खदेड़ने के बजाय इसे जंगल ही जंगल घेरे रहने पर काम कर रहा है। इस प्रयास में वन अमले द्वारा इसकी लगातार निगरानी करने के साथ ही इसे जंगल में ही रखे जाने पर ज्यादा जोर रहता है। काफी हद तक इसमें विभाग को सफलता भी मिल जाती है।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**कोरबा** । ग्राम पंचायत बक्साही के आश्रित मोहल्ला भदरापारा निवासी शिव सिंह की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। शिव सिंह रतनपुर खुंटाघाट बांध के डूबान की ओर खेती किसानी करता हैं और वहीं झोपड़ी बनाकर निवास कर रहा था। बुधवार को दोपहर 12 बजे तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकी। इस दौरान तीन चार लोग झोपड़ी में छिपे हुए थे। झोपड़ी में गाज गिरने से शिव सिंह उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गया।

## डायरिया के खतरे से बच्चों को बचाने स्वास्थ्य विभाग कर रहा जतन

**कोरबा** । बरसात का मौसम शुरु हो गया है। ऐसे में जलजनित रोग डायरिया के खतरे से बच्चों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत मितानीन घर-घर जाकर सर्वे का काम कर रही है और जहां उल्टी दस्त से पीड़ित बच्चे पाए जा रहे हैं उन्हें जिंक और ओआरएस का घोल देकर बीमारियों की रोकथाम का प्रयास कर रही है।

बरसात के मौसम में अक्सर जलजनित बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। दूषित जल के उपयोग से डायरिया सहित अन्य बीमारियों बच्चों को बीमार करना शुरु कर देती है। इस तरह की परिस्थितियों से निबटने कोरबा का स्वास्थ्य विभाग सजग हो गया है और गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा अपनाकर ऐसी बीमारियों की रोकथाम में लगा हुआ है। पखवाड़ा के तहत मितानीन घर-घर जाकर सर्वे कर रही है और बच्चों को जिंक की टैबलेट देने के साथ ही ओआरएस का घोल भी मुहैया करा रही है। 21 जून से शुरु हुआ यह पखवाड़ा 5 जुलाई तक चलेगा। पखवाड़ा को लेकर हमने कुछ मितानीनों से बात की तब उन्होंने बतायाएकि पचास घरों के सर्वे के दौरान कुछ बच्चे बीमार पाए लिहाजा उन्हें जरुरी दवाईयां मुहैया कराया गया है। जो बच्चे ज्यादा गंभीर पाए गए हैं उन्हें अस्पताल में रिफर करने की व्यवस्था कराई जा रही है।

## ग्राम पोंदुम के तालाब गहरीकरण में हुए भ्रष्टाचार की जांच की जावे - भाजपा

**बीजापुर** । जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र के पातरपारा पंचायत के ग्राम पोंदुम में वनविभाग द्वारा बनाये तालाब निरीक्षण पर पंहुचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू ने विधायक विक्रम मंडावी और वन विभाग पर तालाब गहरीकरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व सरपंच सहित ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ के नीचे का तालाब बहुत पुराना है, ग्रामीणों ने प्रशासन को पत्र लिख कर इसके गहरीकरण की मांग की थी, लेकिन वनविभाग ने इस तालाब के गहरीकरण के नाम पर मशीनों से हल्की खुदाईकर एंव पुरानी मेड पर हल्की मिट्टी डालकर पास के पत्थरों को कुछ दूरी पर बिछाकर लगभग 70 लाख खर्च होना बताया है, तालाब के गहरीकरण को देखने से ही सह स्पष्ट हो जाता है कि पैसे का बंदरबाट हो गया है। जिसकी जांच होनी चाहिए अन्यथा भाजपा ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

भाजपा उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू ने कहा कि विधायक की शह पर और कमीशन खोरी के चलते वन वभाग ने किसी ठेकेदार के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है।

## विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन सहित विविध शालेय गतिविधियों का समय पर हो संचालन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शासन के निर्देशानुसार 16 जून से ही शालाओं में अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ करते हुए शाला संचालन संबंधी समस्त निर्देशों के कड़ाई से परिपालन के निर्देश जारी किए गए हैं। विदित हो कि स्कूल शिक्षा विभाग ने छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

स्कूल खुलने के बाद 16 जून से 1 महीने तक अधिकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण भी करेंगे और हर स्कूल की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य द्वारा आज रायगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला व हायर सेकेंडरी स्कूल टारपाली रायगढ़ का निरीक्षण किया गया। यहां निरीक्षण के दौरान सुबह 11.15 बजे केवल प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक कक्षाएं ही संचालित पाई गई जबकि पृथक भवन होने के उपरांत भी हायर सेकेण्डरी टारपाली का संचालन 11.30 बजे से किया जा रहा था। डीईओ ने हायर सेकेण्डरी स्कूल टारपाली की प्राचार्या व समस्त स्टाफ को निर्देशित कर कहा कि स्कूल का संचालन अब एक ही पाली में 10 से 4 बजे तक किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्धारित समय-सारणी अनुसार स्कूल में अध्ययन अध्यापन व्यवस्था के साथ साथ विभिन्न शालेय गतिविधियों के विधिवत संचालन के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अनुक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतरापाली रायगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला पतरापाली में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता सहित कक्षा अध्यापन का निरीक्षण किया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कोरियादादर रायगढ़ में निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण, दैनंदिनी संधारण, रनिंग वाटर, किचन गार्डन सहित अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया।

### इन विद्यालयों का हुआ निरीक्षण

कलेक्टर के निर्देशानुसार शाला संचालन तथा जिले की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर पी आदित्य द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड रायगढ़ के जिन शासकीय विद्यालयों का सघन आकस्मिक निरीक्षण किया गया उनमें शासकीय प्राथमिक माध्यमिक व हायर सेकेंडरी टारपाली रायगढ़, शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व उ.मा.वि.पतरापाली रायगढ़, शासकीय प्राथमिक शाला कोरियादादर हैं।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल

## संविदा भर्ती हेतु वॉक-इन इंटरव्यू 3 जुलाई को शास.नटवर स्कूल में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजनान्तर्गत संचालित 9 विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त पदों तथा प्री-प्राईमरी टीचर के पदों पर संविदा भर्ती की जानी है। जिसके लिए 3 जुलाई 2022 को शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षित पदों पर केवल नान क्रिमिलियर अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। जिसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

संविदा भर्ती (अंग्रेजी माध्यम) में सीधी भर्ती हेतु शास.नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में व्याख्याता सामा.विज्ञान में एक पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला एवं विज्ञान में एक-एक पद अनारक्षित एवं सहायक शिक्षक विज्ञान एक पद अजजा के लिए रिक्त है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुसौर में व्याख्याता वाणिज्य एवं गणित में एक-एक पद अनारक्षित, सहा.शिक्षक विज्ञान में एक पद अजजा के लिए, सहायक शिक्षक कला एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए तथा व्यायाम शिक्षक एक पद अनारक्षित के लिए, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बरमकेला में शिक्षक विज्ञान एवं अंग्रेजी में एक-एक पद अनारक्षित के लिए, सहायक शिक्षक कला एक पद अजजा के लिए, सहायक शिक्षक विज्ञान एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए, सहायक शिक्षक विज्ञान एक पद अनारक्षित के लिए, सहायक शिक्षक विज्ञान एक पद अजजा के लिए, कम्प्यूटर शिक्षक एक पद अनारक्षित के लिए तथा ग्रंथपाल एक पद अनारक्षित के लिए, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारंगढ़ में शिक्षक अंग्रेजी एवं कला हेतु एक-एक पद अनारक्षित के लिए तथा ग्रंथपाल एक पद अनारक्षित हेतु, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरसिया में व्याख्याता सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी हेतु एक-एक पद अनारक्षित के लिए, सहायक शिक्षक कला एक पद अनारक्षित के लिए कम्प्यूटर शिक्षक व व्यायाम शिक्षक एक पद अनारक्षित हेतु, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में सहायक शिक्षक कला 1 पद अनारक्षित हेतु, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार में कम्प्यूटर शिक्षक एक पद अनारक्षित एवं सहायक शिक्षक प्रयोगशाला एक पद अनारक्षित के लिए, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लैलूंगा में व्याख्याता भौतिकी एक पद अनारक्षित हेतु, कम्प्यूटर शिक्षक एक पद अनारक्षित एवं सहायक शिक्षक प्रयोगशाला एक पद अनारक्षित तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमजयगढ़ में व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, रसायन एवं अंग्रेजी में एक-एक पद अनारक्षित वर्ग के लिए, शिक्षक अंग्रेजी एक पद अनारक्षित वर्ग के लिए, सहायक शिक्षक कला एक पद अनारक्षित के लिए, सहायक शिक्षक विज्ञान एक पद अजजा के लिए, सहायक शिक्षक विज्ञान एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए, कम्प्यूटर शिक्षक एक पद अनारक्षित के लिए, सहायक शिक्षक प्रयोगशाला एक पद अनारक्षित वर्ग के लिए तथा ग्रंथपाल में एक पद अनारक्षित वर्ग के लिए रिक्त है।

शास.नटवर हाईस्कूल रायगढ़, स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा तथा धरमजयगढ़ प्री-प्राईमरी टीचर हेतु सभी स्कूलों में दो-दो पद रिक्त है। जिसमें एक पद अनारक्षित व एक पद अजजा हेतु रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम में उच्चतर माध्यमिक 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण एवं नर्सरी टीचर ट्रेनिंग/मॉन्टेसरी टीचर ट्रेनिंग/डी.एड./डी.एल.एड.प्रशिक्षित होना अनिवार्य है।

संविदा भर्ती हेतु विभिन्न नियम एवं शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत परिसर के पीछे, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

## महिलाओं में एनिमिया की हो सघन जांच-कलेक्टर भीम सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक में कहा कि एनिमिया महिलाओं के लिए घातक होने के साथ-साथ गर्भावस्था में होने पर बच्चे पर भी बहुत बुरा प्रभाव डालती है तथा वे कुपोषण का भी शिकार बन सकते है। ऐसे में एनिमिया की जांच व उपचार के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।



उन्होंने सभी विकासखण्डों में एनिमिक महिलाओं की पहचान कर उन्हें जरूरी दवाएं उपलब्ध कराते हुए उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों में ब्लड बैंक संचालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लड बैंक में हर ब्लड टाईप का कम से कम दो यूनिट ब्लड हमेशा उपलब्ध होना चाहिए। जिस ब्लड टाईप की जरूरत अधिक पड़ रही है उसकी सूचना देकर ब्लड डोनेशन कैम्प के माध्यम से व्यवस्था करवाने के निर्देश उन्होंने दिए। साथ ही कहा कि सभी विकासखण्डों में नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया जाए। जिससे कि अस्पतालों में मरीजों के लिए जरूरी ब्लड की व्यवस्था होती रहे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले के अस्पतालों में डॉक्टर तथा अन्य मैन पॉवर की तैनाती के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल तथा अन्य अस्पतालों में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की पदस्थापना के लिए विज्ञापन जारी करने के साथ-साथ शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हो। उन्होंने विज्ञापन के आधार पर अब तक प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही कर शीघ्र उन्हें अस्पतालों में पदस्थ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के जिन अस्पतालों में डॉक्टर तथा स्टॉफ अधिक संख्या में पदस्थ है उन्हें आवश्यकतानुसार रिक्त पद वाले अस्पतालों में तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में जिले के अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने हमर लैब, ब्लड बैंक, एनआरसी तथा अन्य निर्माण कार्यो को उनके लिए निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश ईई हाऊसिंग बोर्ड को दिए। सीजीएमएससी को दिए गए कार्य जो अभी भी अपूर्ण है उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने ईई सीजीएमएससी को दिए। कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों में ओपीडी जांच के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कम ओपीडी वाले डॉक्टरों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नियमित रूप से अस्पताल में रहकर मरीजों की जांच करें, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने हाट-बाजार क्लिनिक के संबंध में भी चर्चा की तथा सभी प्रकार की जांच आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, सीजीएमएससी, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी सहित सभी विकासखंडों के बीएमओ व बीपीएम उपस्थित रहे।

### मुख्यालय में रहे मेडिकल स्टॉफ

कलेक्टर सिंह ने चौबीस घंटे मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि मेडिकल स्टॉफ अपने मुख्यालय में ही निवास करें। जिससे देर रात को आने वाले मरीजों अथवा इमरजेंसी केसेस को त्वरित व समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जांच में मुख्यालय में नहीं मिलने वाले स्टॉफ पर कार्यवाही की जाएगी।

### एनआरसी में भरे हो सभी बेड, स्वास्थ्य व महिला बाल विकास रखें बेहतर समन्वय

कलेक्टर सिंह ने एमसीएच में संचालित रायगढ़ एनआरसी में सभी बेड भरे नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि एनआरसी में कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए उपलब्ध सभी बेड नियमित रूप से भरे हो, इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग को आपस में बेहतर समन्वय रखने के निर्देश दिए जिससे कि बेड खाली होने से पहले वहां एडमिट होने वाले दूसरे बच्चे को लाईनअप किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों की डाईट पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए तैयार मेनू के अनुसार खाना उन्हें समय पर मिले तथा यह एनआरसी के कुक द्वारा ही तैयार किया जाए।

# यह गांव राहुल-राहुल पुकार रहा...

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीरचांपा।

**यह गांव पिहरीद है। मानसूनी हवाओं से मौसम और माहौल बदला-बदला सा है। कुछ रोज पहले की ही बात है। गांव का मासूम राहुल जिन्हें लोग सायकल पर शरारतें करते हुए अपनी गलियों और चौबारों में देखा करते थे। अभी वह कहीं नजर नहीं आ रहा।**





गांव का वह तालाब जहां राहुल की तैराकी बोलती थी, घर आंगन के झूले जहां उछलकूदए मस्ती से राहुल जुबां से कुछ न बोलकर भी बहुत कुछ बोल जाता था। वह भी अब सूना-सूना सा है। रेस्क्यु के दौरान मोटर गाड़ियों की आवाजाही से लेकर, मिट्टी खोदते, चट्टानें काटती मशीनों की शोर और आसपास की वह भारी भीड़ भले ही अब गुम हैं। लेकिन गांववासियों के कानों में राहुल को बोरवेल से बाहर लाने की लग रही तब की आवाज आज भी गूंज रही है। राहुल के अचानक से बोरवेल में गिर जाने के बाद शायद ही ऐसा कोई हो, जो चिंतित न हुआ हो राहुल के सकुशल वापसी के लिए मिन्नतें न की हो भले ही राहुल सकुशल बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचा दिया गया है। लेकिन गांव वाले है कि अपने गांव के राहुल को ओंखों से देखने, उसके इंतजार में पलक-फ ावड़े बिछाये हुए हैं। दिल को दहला देने वाली इस घटना में राहुल के जीवित बाहर आ जाने से अब वह किसी एक घर का बेटा नहीं रह गया है। वह गांव का बेटा बन गया है और भाई.चारे और एकजुटता का माहौल में रमा यह गांव जैसे राहुल, राहुल बेटा पुकार रहा है। जांजगीरचाम्पा जिले के मालखरौदा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पिहरीद अब किसी पहचान का मोहताज नहीं है। यहां 10 जून को दोपहर में खेलते हुए अचानक से 11 वर्षीय राहुल साहू के बोरवेल में नीचे गिरकर 60-62 फीट की गहराइयों में फंस जाने के बाद देश का सबसे बड़ा रेस्क्यु अभियान चलाया गया। 105 घण्टे तक चले इस रेस्क्यु अभियान में राहुल को बाहर निकालने भारी जद्दोजहद करनी पड़ी। मानसिक रूप से कमजोर और बोल नहीं सकने की वजह से राहुल को रस्सी के सहारे ऊपर लाना संभव नहीं हुआ तो 65 फीट नीचे सुरंग बनाने और राहुल तक पहुंचने में जिला प्रशासन,



एनडीआरएफ एसडीआरएफ सेना, एसईसीएल सहित अन्य टीम को बचाव के लिए भारी मशक्कत करना पड़ा। आखिरकार राहुल को सुरंग के रास्ते बाहर निकाल लिया गया। गांव के ही वीरेन्द्र शर्मा है। राहुल के घर के सामने रहते हैं। राहुल बचपन से ही इनके गोद में खेलते हुए बड़ा हुआ है। वह बताते हैं कि राहुल ढोलक बजाते हुए तो कभी अपनी साइकिल लेकर उनके पास आया करता था। वह इतना घुल मिल गया है कि उसे अब पास देखे बिना मन नहीं मान रहा है। राहुल अब उनका ही नहीं गांव का लाडला है।

घर पर राहुल की दादी श्याम बाई को भी राहुल का इंतजार है। वह कहती है कि राहुल जब घर पर था तब दिन भर मस्ती, शरारतें करता था। वह कभी साइकिल से पूरे गांव में घूम आता था। तो कभी घर पर ढ़ोलक बजा-बजाकर नाचता था। बोरवेल में गिरने के बाद उनकी तो नींद उड़ गई थी। यह तो भला हो, मुख्यमंत्री, कलेक्टर और उन्हें बाहर निकालने में मदद करने वालों का, कि राहुल बाहर आ गया है। अब राहुल आ जाएं तो वह उसे गले से लगा लेगी। राहुल के पिता रामकुमार साहू का कहना है कि इस घटना से महज तीन दिन पहले ही राहुल अपनी बुआ के घर से लौटा था। हादसे के दिन वह घर पर नहीं था। पत्नी ने जब उन्हें फ ोन पर जानकारी दी तो उसका रूह कांप गया। घर आकर जब बोरवेल में झांकते थे। तब राहुल की हल्की सी आवाज उनका कलेजा फाड़ने जैसा था। वह चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे थे। राहुल के पिता का कहना है कि घर में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए ही बोर कराया गया था। दो बोर असफल होने के बाद तीसरा बोर कराया गया था। राहुल जिसमें गिराए उसे पाटने की तैयारी चल रही थी। उसे लोहे के चादर में ढक कर रखा गया था। शादी का सीजन होने और टेंट व डीजे का धंधा करने और पत्नी सिलाई के सिलाई का काम करने की वजह से बहुत व्यस्तता चल रही थी। फिर भी वे लोग राहुल को अपने आसपास निगरानी में ही रखते थे। उन्होंने बताया कि इस घटना ने हम सबको स्तब्ध कर दिया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिले के कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला और विधायकों सहित बचाव में लगे सभी सदस्यों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि उनकी कोशिशों और सबकी दुआओं से राहुल जीवित है और जल्दी ही ठीक होकर घर लौटेगा।

## एक नजर

### देव किरारी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया,पाठ्यपुस्तक का वितरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय देव किरारी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच फुलेश्वरी चौहान थी कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शशिकांत दीवान ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमल कश्यप पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू प्राथमिक शाला प्रधान पाठक नीलिमा दुबे पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गोविंद प्रसाद पांडे विशेष रुप से उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन ओम प्रकाश यादव द्वारा किया गया। वर्तमान सत्र में कक्षा पहली एवं छठवीं में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें मिष्ठान खिलाया गया और पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर जोहन लाल कश्यप, नंदकुमार केवट, प्रहलाद कुमार, गोपाल प्रसाद नामदेव, जमुना पटेल, मीना श्याम भूपेंद्र कुमार, दीपक भानु गोपेश पाटले विनय सिंह शशि कौशिक, उपासना शर्मा थानेश्वर प्रसाद साहू स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

### जिले में 84 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 जून तक 84 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 82.5 मिली मीटर, पुसौर में 111, खरसिया में 122.3, सारंगढ़ में 86.2, बरमकेला में 70.4, घरघोड़ा में 44.9, तमनार में 103, लैलूंगा में 77.2, धरमजयगढ़ में 54.7, सरिया 72.6 एवं छाल तहसील में 99 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### महिला आईटीआई में विभिन्न प्रशिक्षण के लिए 2 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में प्रशिक्षण सत्र 2022-23 में व्यवसाय स्टेनोग्राफी (हिन्दी), कोपा, फैशन डिजाईन एण्ड टेक्नालॉजी एवं ड्रेस मेकिंग में 2 जुलाई 2022 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक वेबसाईट www.cgiti.cgstate.gov.in में ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### पानी में डूबने से दो लोगों की असामायिक मृत्यु, सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग खरसिया अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत दो लोगों की पानी में डूबने से असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम खरसिया द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील खरसिया के ग्राम-मदनपुर निवासी आयुषी झा तथा प्रियांशु झा की 19 जून 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता सुमन झा एवं रमन झा को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

## बोरवेल वाहन की चपेट में आकर बालिका की दर्दनाक मौत

**कोरबा ।** मुख्य मार्ग पर एक बोरवेल वाहन की टक्कर से ढाई वर्ष की बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से नाराज लोगों ने दौड़ाकर गाड़ी को रोका। चालक की धुनाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले किया गया। वाहन जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार यहां से कुछ दूर आगे नगोई बछेरा गांव में यह घटना आज हुई। बताया गया कि गांव के रहने वाले अनिल पटेल की पुत्री प्रांशी पटेल की हादसे में मौत हुई है। वह घर के बाहर खेलते-खेलते सड़क पर पहुंच गई थी। इसी दौरान यहां से आवाजाही कर रहे बोरवेल वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही बालिका की सांसे उखड़ गई। मामले की जानकारी होने पर यहां कोहराम मच गया। लोगों ने पीछा करते हुए वाहन चालक को अपने कब्जे में लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले किया गया। उसके खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटनाकारित वाहन जप्त कर लिया।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 4 बच्चों के दिल की होगी निशुल्क सर्जरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके के अंतर्गत 4 बच्चों की दिल का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इन चार बच्चों की पहचान जिला अस्पताल, पंडरी में लगाये गए एक शिविर में की गयी थी। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल के नेतृत्व और सिविल सर्जन डॉ. पीके गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जून 18 को लगाये गए इस शिविर में 106 बच्चों की जांच की गई जिसमें 4 बच्चों को दिल का रोग पाया गया। यह जांच और उपचार 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की हुई थी। स्वास्थ्य जांच शिविर में 7 बच्चों में मानसिक विकार की समस्या मिली है। वहीं 18 बच्चों में कुपोषण मिला है और 5 बच्चों को सुनने की समस्या थी उनको सहायता यंत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त एक बच्चे में मिर्गी दौरे की शिकायत भी मिली है। इस सम्बन्ध में आरएमएनसीएचए



कार्यक्रम की जिला सलाहकार डॉ. ग्रंजना गायकवाड ने बताया इस शिविर में कुल 106 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया जिसमें 4 ऐसे बच्चों की पहचान की गयी है जिनके हृदय की सर्जरी विभाग द्वारा कराई जायेगी। शिविर में वीवाय अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इकोकार्डियोग्राफ ी मशीन से 27 बच्चों के दिल की जांच की जिसमें से 4 बच्चों के मामलों के लिए हृदय सर्जरी की सलाह दी गई है। इसके लिए उन्हें उच्च केंद्र को रेफ र किया गया है जहां पर उनकी सर्जरी की जायेगी। अभनपुर विकासखंड से स्वास्थ्य शिविर में जांच कराने अपने पिता के साथ आये सात वर्षीय टिकेश साहू ने बताया मुझे सुनने में परेशानी होती थी मेरे दोस्त भी बार-बार चिढ़ाते थे कि सुनाइ नहीं देता मुझे। शिविर में मेरे कानों की जांच की गई जिसमें बाद मुझे सुनने के लिए कान की मशीन दी गयी है। मशीन लगने से अब मुझे अच्छे से सुनाई दे रहा है।

### बच्चों में रोगों की शीघ्र जांच आवश्यक

बच्चों में जन्मजात रोग या अन्य किसी भी रोग की शीघ्र जांच अत्यंत आवश्यक होती है। बच्चों में किसी भी रोग की शीघ्र जांच होने से उस बीमारी या जन्मजात विकार के सही होने की सम्भावना अधिक हो जाती है और ऐसे में बच्चा उपचार के बाद जल्द स्वस्थ भी हो जाता है। सरकार द्वारा चलाया जा रहा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ऐसी ही एक पहल है जिसमें बच्चों के रोगों एवं विकारों की जल्द से जल्द पहचान कर उनको निशुल्क उपचार उपलब्ध करवाया जाता है।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आरबीएसके

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आरबीएसके फरवरी 2013 में आरंभ किया गया था। बच्चों के जीवन की समग्र गुणवत्ता को ऊपर उठाने और उन्हें अपनी सम्पूर्ण क्षमता को पाने योग्य बनाने के लिए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। इस कार्यक्रम में जन्म से अठारह वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। स्वास्थ्य जांच में चार श्रेणियों जन्म जात रोग, कमियां, बीमारियां विकास में देरी से सम्बंधित 32 रोगों की जांच की जाती हैए ताकी इन रोगों का शीघ्र पता लगाते हुए बीमार बच्चों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके साथ ही इसमें तृतीयक स्तर पर सर्जरी भी शामिल है। इन चार श्रेणियों में श्रेणीबद्ध रोगों को 4 डी (4डी) के नाम से भी जाना जाता है। शिविर में जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने भी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें एमडी मेडिसिन, सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक एवं फि जियोथेरेपिस्ट ने अपनी सेवाएं दी।



## कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया संजय गांधी की पुण्यतिथि और चंद्रशेखर आजाद की जयंती



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज जिला कॉंग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला के मार्गदर्शन में कॉंग्रेस के पूर्व महासचिव स्व. संजय गांधी की पुण्यतिथि और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती को शहादत दिवस के रूप में मनाई गई। सबसे पहले सभी कॉंग्रेसी दोनों विभूतियों स्व. संजय गांधी और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चन्द्रशेखर आजाद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। सभी कॉंग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से दोनों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। आज के कार्यक्रम में प्रभारी महामंत्री शाखा यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मदन महंत, महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष रानी चौहान, संतोष कुमार चौहान, विकास बोहिदार, अरुणा चौहान, वसीम खान, गणेश घोरे, उर्मिला लकड़ा, बीनू, सोनू पुरोहित, शिवचरण दास महंत, विनोद सचदेव, संतोष ढीमर, धनंजय मिश्रा, संजय सिंह, घासीदास महंत अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे। उक्ताशय की प्रेस विज्ञप्ति शैलेश मनहर, प्रवक्ता, जिला कॉंग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर के द्वारा जारी किया गया।

## पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ।** डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र,डीएसपीएम में कार्यरत कर्मियों को इंसेटिव्ह का लाभ नहीं मिलने व पुरानी पेंशन योजना लागू करने समेत अन्य मांग को लेकर बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ द्वारा प्रदर्शन कर आमसभा की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन कर्मियों की लंबित मांगो को पूरा करने गंभीर नहीं है। पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा हो चुकी है, पर विद्युत कंपनी ने इसे लागू करने अभी तक आदेश जारी नहीं किया। नई पेंशन योजना के तहत ही कटौती की जा रही है। सभा उपरांत प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। डीएसपीएम संयंत्र के समक्ष आयोजित आमसभा को संघ के उद्योग प्रभारी आरएस जायसवाल, एसपी साहू, नारायण राठौर, रामबाबू गंधर्व समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

## धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं सिविल अस्पताल का कलेक्टर भीम सिंह ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर सिंह ने धरमजयगढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि स्कूल भवन में सुविधाएं अच्छी की जा रही है। अब आप सभी खूब मेहनत करो और अच्छे अंक लाओ। कलेक्टर सिंह ने यहां विभिन्न कक्षाओं एवं लाईब्रेरी व लैब को देखा। कक्ष निरीक्षण के दौरान ब्लेक बोर्ड की गुणवत्ता सही नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए तुरंत बोर्ड बदलने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने लाईब्रेरी में पर्याप्त किताबें एवं हिन्दी, अंग्रेजी अखबार रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों से शिक्षकों द्वारा अध्यापन के बारे में फीडबैक भी लिया। चर्चा के दौरान शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के बाद भी स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम में शिक्षकों की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति नहीं होने पर कलेक्टर सिंह ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने जल्द स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम में शिक्षकों की पर्याप्त शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने बॉयोलैब में उपस्थित कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों से लैब सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने बताया कि अन्य प्राइवेट स्कूलों की अपेक्षा यहां बेहतर शिक्षक, संसाधन और सुविधा उपलब्ध है। इसी क्रम में उन्होंने फिजिक्स लैब का भी निरीक्षण किया। यहां उपस्थित बारहवीं के विद्यार्थियों से पेयजल, टॉयलेट जैसे मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने कहा कि सभी सुविधाएं बेहतर है। कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों के पर्याप्त टायलेट की सुविधा के लिए पुराने टायलेट की मरम्मत के निर्देश दिए।



### अस्पताल में साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान

इसी क्रम में कलेक्टर सिंह ने सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में नवनिर्मित भवनों का निरीक्षण के साथ विभिन्न वार्ड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने वार्ड के निरीक्षण के दौरान बेडशीट के गंदे होने पर नाराजगी जताते हुए तुरंत बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नए बेडशीट की खरीदी की जाए। कलेक्टर सिंह ने बारिश के मद्देनजर अस्पताल प्रांगण में पेवर ब्लाक बिछाने एवं अस्पताल के मुख्य द्वार से शेड निर्माण के निर्देश दिए। जिससे मरीजों को अस्पताल आवागमन में सुविधा हो। कलेक्टर श्री सिंह टॉयलेट की स्थिति को देखते हुए तुरंत वहां सफाई करवाने तथा वाशबेसिन को बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह नए टॉयलेट आवश्यकता को देखते हुए जगह चिन्हांकित कर टॉयलेट निर्माण के निर्देश दिए। जिससे मरीजों के साथ उनके परिजनों को सुविधा हो। कलेक्टर सिंह ने श्री धन्वतरी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया एवं मेडिकल संचालक से ब्रिकी के संबंध में चर्चा की। मेडिकल संचालक द्वारा बताया कि अच्छी ब्रिकी हो रही है, साथ ही डॉक्टरों द्वारा जेनेरिक दवाईयां लिखी जा रही है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि धन्वंतरि दवाई दुकान में जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जिससे सिविल हॉस्पिटल के अलावा अन्य मरीजों को भी सस्ती दवाईयों का लाभ मिल सके। इस दौरान एसडीएम धरमजयगढ़ मनीष मिश्रा, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्ग में सरिया नाला के पास साइड लेने के दौरान सड़क किनारे फंसा ट्रेलर, बड़ा हादसा टला

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।





धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग में रायगढ़ रोड सरिया नाला के पास ट्रेलर वाहन साइड देने के दौरान सड़क किनारे की गई मिट्टी व गिट्टी पटाई में गीली होने की वजह से ट्रेलर का पहिया धंस गया और वह उसमें फंस कर पलटते पलटते बाल–बाल बच गया हालांकि हादसे में फंसे ट्रेलर को बाद में दूसरे ट्रक की मदद से बाहर निकाल लिया गया इस तरह एक बड़ा हादसा टल गया है बता दें ट्रेलर चालक के अनुसार वाहन के साथ हुए हादसे की वजह तेज रफ्तार बोलेरो व मुख्य रूप से सड़क किनारे किए जा रहे चौड़ीकरण कार्य है सामने सीजन बारिश का है फिर भी सड़क चौड़ीकरण कार्य जारी है। मिली जानकारी के अनुसार खाली ट्रेलर अम्बिकापुर से रायगढ़ जा रहा था तभी धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग सरियानाला के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो वाहन को बचाने के फिराख में ट्रक चालक द्वारा ट्रेलर के पहिए को सड़क से नीचे उतार लिया गया। उसी समय सड़क किनारे की गई मिट्टी पटाई गीली होने की वजह से ट्रक के पहिए धंस गए और ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त होने से बाल–बाल बच गया।

## 29 जून कलम बंद आंदोलन की तैयारी में अधिकारी कर्मचारियों की बैठक संम्पन्न



जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर एक माह मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। जिसमें मांग पूरी नहीं होने पर आगे चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। जिसकी तैयारी के लिए 23 जून को ब्लॉक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का एक आवश्यक बैठक ब्लॉक संयोजक कॉलेज प्राचार्य शशिभूषण लकड़ा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक मे 29 जुन को ब्लॉक में सभी विभाग के समस्त कर्मचारी कलम बन्द आंदोलन करेंगे और हर हाल में केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवम एचआरए भत्ता और महंगाई भत्ता का अंतर राशि की मांग को लेकर ब्लॉक मुख्यालय में धरना देंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र एसडीएम के माध्यम से सौंपना है। इस हेतु ब्लॉक के समस्त विभाग के समस्त राज्य सरकार के कर्मचारीयो को शामिल होने की अपील किया गया है। बैठक में बीईओ, डाइट प्राचार्य, डॉ राठिया, विजय गबेल, आशीष विश्वास, अनिल गबेल, कृष्णा विश्वास, के के नायक, फागू लाल, अशोक साहू, सुरेश नवनीत, बलिराम डेहरे, महेंद्र पटेल, भास्कर पटेल, तरुण जांगडे, हेमंत बिंझवार, सम्पत नायक, नरेश यादव, टी डी चंद्रा, कमल किशोर साहू , तिर्की सर, जसवंत राठिया , संतोष पटेल, सिदार सर, रामचरण साहू सहित अनेक कर्मचारी उपस्तिथि रहे।

## विद्युत प्रवाहित कूलर के संपर्क में आकर हुई युवक की अकाल मौत

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ नगर के पिपरमार मोहल्ले में कूलर में प्रवाहित बिजली करंट के संपर्क में आकर एक नवयुवक की मौत का सनसनी खेज घटना सामने आई है, फिलहाल 112 की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाई कर रही है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ पिपरमार मोहल्ला निवासी सनोज लकड़ा उम्र तकरीबन 36 वर्ष जो कि अपने निजी काम से रात समय करीब 7 से 8 बजे के बीच वापस घर आया और घर मे मौजूद करंट प्रवाहित कूलर को सुधारने लगा इसी दौरान विद्युत के संपर्क में आ गया,और मूर्छित होकर वहीं गिर गया। बताया जा रहा है की घटना के समय उसके परिजन बाहर घर के आंगन में बैठे थे।वहां मौजूद बच्ची ने युवक को बेहोश पड़ा देख इसकी जानकारी उसकी पत्नी को दी।इससे पहले की घर मे मौजूद अन्य सदस्य कुछ समझ पाते वह पूरी तरह से करंट के संपर्क में आ गया था और उसके पूरे शरीर मे करंट दौड़ गया था।सूचना पाकर मौके पर 112 के जवान संतराम पटेल व इल्यास खान मौके पर पहुंच तेजी से युवक को स्थानीय सिविल अस्पताल पहुंचाया,लेकिन शायद तब तक काफी देर हो चुकी थी,हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।बहरहाल हादसे के संबंध में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है।

## आपदा प्रबंधन टीम ने मानिकपुर पोखरी और हसदेव नदी में किया मॉकड्रिल

**कोरबा** । मौसम विभाग ने इस बार पर्याप्त बारिश होने की भविष्यवाणी की है। हालांकि समय से पहले मानसून के पहुंचने की भविष्यवाणी फेल हो गई है। इन सबके बीच आगामी दिनों का ख्याल करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग अपनी ओर से मुस्तैदी दिखाने की कोशिश कर रहा है। कोरबा क्षेत्र में बाढ़ आने और इसमें फंसे लोगों को निकालने के लिए टीम ने यहां के मानिकपुर पोखरी और हसदेव नदी क्षेत्र में पहुंचकर मॉकड्रिल किया।

सरकार ने कोरबा जिले की आपदा प्रबंधन विभाग को मोटर बोट के साथ सर्च लाइट, इंडिकेटर लाइट, रस्सा सहित कई साजो सामान उपलब्ध कराया है। विभाग के पास 35 प्रशिक्षित गोताखोर हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले ट्रेनर प्रोग्राम को अटेंड कर चुके हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी पीण्बीण्सिदार के निर्देशन में विभाग की टीम ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर अग्रिम तैयारी का डेमो दिखाया। उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों पर विभाग की टीम जलीय क्षेत्रों में पहुंची। यहां पर इस तरह के नजारे दिखाए गए जैसे कि कोई व्यक्ति अतिवृष्टि की स्थिति में फंस गया हो और उसे बचाया जाना जरूरी है। सूचना मिलने के साथ सायरन बजाती मोटर बोट पानी में उतारी गई। लाइफ जैकेट के साथ प्रशिक्षित गोताखोर इसमें मौजूद रहें जिन्होंने संबंधित क्षेत्रों की ओर कूच किया और फिर अपने प्रयासों से पानी में डूब रहे व्यक्ति को किनारे लाया। यहां उसे प्रथम प्राथमिक चिकित्सा दी गई और अगली कार्यवाही की गई।

## एटीपी मशीन से राठौर चौंक में लिया जायेगा बिजली के बिल का भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़–खरसिया।

रेल्वे फाटक में आये दिन लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुये विद्युत विभाग खरसिया के अधिकारियों ने अब से राठौर चौंक स्थित सब स्टेशन में नगर वासियों के विद्युत बिल का भुगतान लिये जाने के लिये एटीपी मशीन की व्यवस्था की है।



जहां नगरवासियों के बिल का भुगतान लिया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुये विद्युत विभाग खरसिया के सहायक अभियंता एस खेस ने बताया कि खरसिया टाउन के उपभोक्ताओं को विद्युत बिल के भुगतान के लिये रेल्वे फ ाटक पार कर के मदनपुर स्थित कार्यालय आना पड़ता था, और फ ाटक में जाम लगने पर उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा को देखते हुए विभाग द्वारा राठौर चौंक सपिया रोड़ स्थित सब स्टशन में एटीपी मशीन की स्थापना की गयी है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बिल का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं जिससे अब नगर वासियों को बिजली बिल के भुगतान के लिये फ ाटक पार करके मदनपुर स्थित कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। विद्युत विभाग खरसिया के कनिष्ठ अभियंता मदन लाल नायक ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुये कहा है कि विभाग द्वारा प्रदत्त यह सुविधा प्रारंभ हो चुकी हैए सभी उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठावें और अपने बिलों का भुगतान समय पर करें।

एक नजर

### सार्वजनिक जगह पर शराब पीना युवक को पड़ा महंगा, थाने में मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़–छाल।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री एवं सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। छाल पुलिस ने भी सार्वजनिक जगह पर शराब पीने वाले एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छाल पुलिस टीम ग्राम गस्त पर ग्राम पुसल्दा बरभौना की ओर थाना रवाना हुआ था। जहां मुखबीर के सूचना मिली कि ग्राम बरभौना में सार्वजनिक नल के पास आम जगह पर कुछ व्यक्ति बैठकर शराब सेवन कर रहे हैं। पुलिस घेराबंदी कर मौके पर ऋषि कुमार डनसेना ऊर्फ सोनु पिता गंगा राम डनसेना को सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाया। अभियुक्त ऋषि कुमार डनसेना ऊर्फ सोनु पिता गंगा राम डनसेना उम्र 23 वर्ष साकिन बरभैना को 22 जून 2022 को दोपहर गिरफ्तार किए। युवक के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 36 ;च, 1 के मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद आरोपी को 2000–2000 के जमानत मुचलके पर छोड़ा गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर।



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर प्रात:07 बजे से 08 बजे तक योग अभ्यास कराया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहन, अभिभावक, आचार्य परिवार, प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी व नागरिक गण सहभागी हुए। सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार जी द्वारा सरस्वती,भारतमाता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया फिर सरस्वती वंदना किया गया पश्चात बुद्धेश्वर केंवट आचार्य द्वारा योग की गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। योग का हमारे जीवन में क्या महत्व है इस विषय पर क्रमश: प्राचार्य केशव कुमार कौशिकएकोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू,अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार द्वारा प्रबोधन किया गया। प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी लोगों को अपने दैनिक जीवन में नित निरंतर योग अभ्यास करने का संकल्प कराया गया। सर्वे भवन्तु सुखिन: मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभी से आग्रह है कि स्वस्थ तन,मन,जीवन के लिए सभी योग की क्रियाओं को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें।

### कुनकुरी में इन दिनों हाथी और बिजली की समस्या से जूझ रहा ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़–कुनकुरी।

जशपुर जिले के कुनकुरी तहसील इन दिनों हाथी और बिजली की समस्या से जूझ रहा है हर दिन हाथी किसी न किसी घर को निशाना बना कर घर में रखे अनाजों को चट कर रहे हैं दिन भर बिजली की आंख मिचौली और रात हाथियों का तांडव लगातार जारी है हम आपको बता दें विगत महीने भर से कुनकुरी के ग्रामीण क्षेतों में हाथियों का मानवों से द्वन्द तेज़ी से बढ़ा है इन सबके बीच हाथियों के ओडिसा वन मार्ग को ओडिसा वन विभाग द्वारा बन्द कर दिया गया है जिससे प्रवासी हाथियों का दल जशपुर के कुनकुरी वन क्षेत्र तथा बादलखोल अभ्यारण्य में ही बस चुका है पहले हाथियों की आमद बरसात के में जुलाई अगस्त माह में होती थी मगर ओडिसा मार्ग बंद होने के बाद हाथी अब यहीं रहने लगे हैं इन सबके बीच एक अच्छी खबर वन विभाग की ओर से आ रही है वन विभाग के नव पदस्थ युवा डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय द्वारा अब प्रतिदिन हाथियों के लोकेशन को जिले में चल रहे अधिकतर व्हाट्सएप्प ग्रुपों में शेयर किया जा रहा है उनके इस प्रयास की सराहना की जा रही है नीचे हम आपको वन विभाग द्वारा जारी किया गया लोकेशन दिखा रहे हैं जो कल का है प्रतिदिन इस तरह के लोकेशन अधिकतर व्हाट्सएप्प ग्रुप में देखने को मिल जाता है जिससे मानवों का हाथियों से सामना रोकने बहुत हद तक सफलता मिल रही है।

## देव किरारी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया,पाठ्यपुस्तक का वितरण किया

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर।





शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय देव किरारी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच फु लेश्वरी चौहान थी कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शशिकांत दीवान ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमल कश्यप पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू प्राथमिक शाला प्रधान पाठक नीलिमा दुबे पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गोविंद प्रसाद पांडे विशेष रुप से उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन ओम प्रकाश यादव द्वारा किया गया। वर्तमान सत्र में कक्षा पहली एवं छठवीं में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें मिष्ठान खिलाया गया और पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर जोहन लाल कश्यप, नंदकुमार केवट, प्रहलाद कुमार, गोपाल प्रसाद नामदेव, जमुना पटेल, मीना श्याम भूपेंद्र कुमार, दीपक भानु गोपेश पाटले विनय सिंह शशि कौशिक, उपासना शर्मा थानेश्वर प्रसाद साहू स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

## आमापली व आमगांव के बीच सड़क किनारे की पेड़ पर गिरी आसमानी बिजली

पेड़ की उड़ी धज्जियां

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र में फिलहाल आसमानी बिजली की क्रहर लगातार देखने सुनने को मिल रही है। लगातार क्षेत्र में हल्की बारिश के साथ आसमानी बिजली कहर बरपा रही है। जिसे लेकर इंसानी जीवन फिलहाल खौफ के साए में है। याद दिलादे की क्षेत्र में बीते दिनो आसमानी कहर का दो अप्रिय नजारा देखने को मिला है जिसमे जहां एक ओर ओंगना गांव निवासी एक किसान खेत में खेतीबाड़ी का काम देख रहा था उसी समय अचानक पास के पेड़ में आकाशिय बिजली गिरी जिसका का दंश ग्रामीण झेल रहा है वहीं साहपुर निवासी एक किसान तराई गांव के खेत मे फसल उपज को लेकर खेतीबाड़ी में लगा हुआ था तभी यकायक एकदम करीब में आसमानी बिजली मौत बनकर बरसी और उसे हमेशा के लिए वहीं मौके पर ही मौत की नींद सुला दी वहीं शाम रात बता दें। अमापाली व आमगांव के बीच एकदम सड़क किनारे जहां लोगों की आवाजाही हर वक्त बनी रहती है मुख्य मार्ग होने के नाते आवागमन थिरकती नहीं है। ऐसे में साल के एक पेड़ पर पुन: एक बार फिर से खौफ से भरा आसमानी बिजली कहर बनकर गिरी और पेड़ की धज्जियां उड़ गई वो तो राहत की बात रही कि एन वक्त पर वहां की किसी आवाजाही नहीं थी वरना एक और बड़ी घटना घट सकती थी। लिहाजा बारिश का मौसम आते ही क्षेत्र में निसंदेह आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिल रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **–नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in